लखनऊ । वाराणसी । नई दिल्ली

25 अक्टूबर 2026 रविवार
वर्ष : 19 अंकः 113
पृष्ठ : 8
वाराणसी
काशी संस्करण
मूल्यः 2.00 रूपए

लोक हस्तक्षेप

Power Of Truth

हिन्दी दैनिक

www.facebook.com/lokhastakshep www.twitter.com/lokhastakshep /Lokhastakshep /Lokhastakshep

www.lokhastakshep.com

मिशन 2027 की चुनावी रणनीति को धार देगें अमित शाह

30 अक्टूबर को लखनऊ भाजपा कार्यसमिति की बैठक में फूंकेंगे चुनावी शंखनाद

दीप्ति दुबे

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में 2027 में होने वाले विधानसभा चुनावों के मद्देनजर भारतीय जनता पार्टी ने अपनी चुनावी तैयारियों को पूरी ताकत से आगे बढ़ाना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आगामी 30 और 31 अक्टूबर को लखनऊ के दो दिवसीय दौरे पर आ रहे हैं। राजनीतिक रूप से बेहद संवेदनशील माने जा रहे इस दौरे के दौरान अमित शाह राजधानी में आयोजित होने वाली उत्तर प्रदेश भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की दो दिवसीय मैराथन



बैठक का उद्घाटन और संचालन करेंगे।

सूत्रों के मुताबिक, अमित शाह के इस लखनऊ दौरे का सबसे प्रमुख एजेंडा एनडीए के घटक दलों के बीच समन्वय को मजबूत करना है। राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि गृह मंत्री अपने इस प्रवास के दौरान कुछ नाराज चल रहे सहयोगियों और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ बंद कमरे में अलग से बैठकें कर सकते हैं, ताकि समय रहते आपसी मतभेदों और शिकायतों को दूर किया जा सके।

इस जंबो कार्यसमिति बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, प्रदेश प्रभारी विनोद तावड़े, दोनों उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक समेत राज्य के सभी मंत्री, सांसद, विधायक और प्रमुख संगठन पदाधिकारी शामिल होंगे। शाह इस बैठक में जमीनी स्तर के पदाधिकारियों से सीधा फीडबैक लेंगे और संगठन को नए सिरे से सक्रिय करेंगे। बताया जा रहा है कि इस दौरे के ठीक बाद, नवंबर 2026 से अमित शाह खुद उत्तर प्रदेश के विभिन्न मंडलों में सक्रिय हो जाएंगे, जहां वे सीधे बूथ अध्यक्षों और शक्ति केंद्र संयोजकों के साथ संवाद की कमान संभालेंगे।

सूत्रों के अनुसार, दो दिवसीय महामंथन के दौरान उत्तर प्रदेश भाजपा की नई संगठनात्मक टीम, युवा मोर्चा और अन्य प्रमुख आनुषंगिक इकाइयों की घोषणा या उनके स्वरूप पर अंतिम मुहर लग सकती है। भाजपा इस दौरे के जरिए 2017 के अपने उस प्रसिद्ध सांगठनिक मॉडल को दोबारा पूरी ताकत से जमीन पर उतारना चाहती है, जिसने पार्टी को ऐतिहासिक बहुमत दिलाया था।

एआई और डीपफेक का कितना भी ले लें सहारा, अपराधियों तक पहुंचेगी पुलिस : सीएम योगी

लखनऊ,सवांददाता। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और डीपफेक के बढ़ते इस्तेमाल के बीच उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपराधियों को सख्त संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि अपराधी तकनीक का कितना भी आवरण ओढ़ लें, प्रदेश की वैज्ञानिक जांच और विधिक क्षमता उन्हें खोज निकालेगी। एआई मददगार हो सकता है, लेकिन उसे निर्णायक नहीं बनना चाहिए। तकनीक का संचालन मानव विवेक से होना चाहिए, न कि मनुष्य पूरी तरह उस पर निर्भर हो जाए। मुख्यमंत्री शनिवार को लखनऊ स्थित उत्तर प्रदेश राज्य फॉरेंसिक विज्ञान संस्थान में आयोजित तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 'टेक संगम–2026' के दूसरे दिन के कार्यक्रम का उद्घाटन कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने देश के पहले सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का शुभारंभ किया। यह केंद्र क्वांटम तकनीक, कानून और फॉरेंसिक विज्ञान के बीच

समन्वय को बढ़ावा देगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्यक्रम के दौरान कंसेंट मैनेजमेंट पोर्टल का लोकार्पण किया। साथ ही 'अभेद्य' परियोजना की आधारशिला रखी और एआई इन कंस्ट्रक्शन' पुस्तक का विमोचन किया। सम्मेलन में साइबर सुरक्षा, डिजिटल साक्ष्य, क्वांटम तकनीक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के न्यायिक एवं प्रशासनिक उपयोग पर चर्चा हुई। सीएम योगी ने कहा कि आधुनिक तकनीक के दौर में अपराधा के तरीके बदल रहे हैं। ऐसे में वैज्ञानिक जांच और फॉरेंसिक साक्ष्य न्याय व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। मुख्यमंत्री ने संस्थान के निर्माण से जुड़ा एक पुराना मामला साझा करते हुए बताया कि करीब 100 एकड़ जमीन पर कभी भू–माफिया का कब्जा था। वर्ष 2017 में मामले की जानकारी मिलने के बाद जांच कराई गई। प्राथमिकी दर्ज होने पर कब्जाधारी ने आत्मसमर्पण कर जमीन छोड़ दी। उन्होंने कहा कि पहले टेलीविजन धारावाहिक 'सीआईडी' में फिंगरप्रिंट या बाल के आधार पर अपराधियों तक पहुंचते दिखाया जाता था। अब आधुनिक फॉरेंसिक विज्ञान की मदद से वास्तविक जीवन में भी वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर अपराधियों की पहचान करना संभव हो रहा है। सीएम योगी ने न्याय प्रक्रिया में वैज्ञानिक साक्ष्यों की भूमिका समझाते हुए एक मामले का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि वर्ष 1980 में अपराधा करने वाले व्यक्ति को साक्ष्यों की कमी और डीएनए नमूने नष्ट होने के कारण वर्ष 2022 में सजा मिल सकी। उन्होंने कहा कि समय पर साक्ष्य जुटाना और उनका वैज्ञानिक परीक्षण करना बेहद जरूरी है।

ऐतिहासिक एयर शो के साक्षी बनेंगे पीएम मोदी

काशी को देंगे 100 करोड़ के गारमेंट हब की सौगात

लोक हस्तक्षेप संवाददाता

वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार (25 अक्टूबर) को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी के एक दिवसीय दौरे पर आ रहे हैं। इस वीवीआईपी दौरे को लेकर पूरी काशी सज–धज कर तैयार है। अपने इस दौरे के दौरान प्रधानमंत्री जहां आसमान में भारतीय वायुसेना के शौर्य का दीदार करेंगे, वहीं दूसरी ओर काशी की आत्मनिर्भरता और महिला रोजगार को पंख लगाने वाली बड़ी टेक्सटाइल परियोजना का उद्घाटन भी करेंगे।

'विंग्स ओवर गंगा' एयर शो का करेंगे अवलोकन

प्रधानमंत्री मोदी दोपहर करीब 01:15 बजे बाबतपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे, जहां से वे सीधे नमो घाट के लिए रवाना होंगे। नमो घाट पर आयोजित हो रहे भारतीय वायुसेना के 94वें वर्षगांठ के भव्य श्विंग्स ओवर गंगाश एयर शो के वे मुख्य अतिथि होंगे। इस दौरान वायुसेना के सूर्यकिरण, सारंग और सुखोई जैसे अत्याधुनिक लड़ाकू विमान गंगा के ऊपर आसमान

में हैरतअंगेज करतब दिखाएंगे, जिसका दीदार प्रधानमंत्री करेंगे।

1000 महिलाओं को मिलेगा सीधा रोजगार

एयर शो के बाद प्रधानमंत्री रूपापुर (खोचवां) हाईवे के पास स्थापित प्रसिद्ध कपड़ा निर्माता कंपनी श्अरविंद मिलश की नई वस्त्र निर्माण इकाई का औपचारिक लोकार्पण करेंगे। करीब 100 करोड़ रुपये के भारी निवेश से तैयार की गई इस अत्याधुनिक यूनिट से क्षेत्र की लगभग 1000 स्थानीय महिलाओं को सीधे तौर पर रोजगार मिलेगा। यहां अंतरराष्ट्रीय स्तर के स्पोर्ट्स वियर और अंडरगारमेंट्स का बड़े पैमाने पर उत्पादन किया जाएगा।

सुरक्षा व्यवस्था चाक–चौबंद, अभेद्य किले में तब्दील हुई काशी

प्रधानमंत्री के आगमन के मद्देनजर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को ही नमो घाट और अन्य कार्यक्रम स्थलों का स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया था। एसपीजी एटीएस और उत्तर प्रदेश पुलिस के हजारों जवानों को सुरक्षा में तैनात किया गया है। गंगा नदी में जल पुलिस और एनडीआरएफ की टीमें लगातार गश्त कर रही हैं। आज बाबतपुर एयरपोर्ट पर सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक उड़ानों का संचालन बंद रखा गया है, शहर में भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक, कड़ा रूट डायवर्जन लागू किया गया है।

वायुसेना एयर शो पास विवादः भाजपा नेताओं की फोटो देख भड़की कांग्रेस

कोतवाली थाने में दी तहरीर, एफआईआर की मांग

वाराणसी। वाराणसी में आयोजित भारतीय वायुसेना के भव्य एयर शो के प्रवेश पासों पर भारतीय जनता पार्टी के जनप्रतिनिधियों की तस्वीरें छपने को लेकर नया सियासी विवाद खड़ा हो गया है। इस मामले में महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे ने शनिवार को कोतवाली थाने पहुंचकर पुलिस को लिखित तहरीर सौंपी है। कांग्रेस ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने, एफआईआर दर्ज करने और दोषी जनप्रतिनिधियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

तहरीर सौंपने के बाद महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे ने कहा कि भारतीय सेना का शौर्य, पराक्रम और अनुशासन पूरे देश का गौरव है। किसी भी राजनीतिक दल या जनप्रतिनिधि द्वारा सैन्य आयोजनों का इस्तेमाल अपने व्यक्तिगत प्रचार या राजनीतिक लाभ के लिए करना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा, ष्सेना पूरे देश की है और उसका सम्मान किसी एक राजनीतिक दल की जागीर नहीं हो सकता। काशी की पावन धरती पर वायुसेना के इस अद्भुत सामरिक प्रदर्शन का हम दिल से स्वागत करते हैं, लेकिन इसकी आड़ में राजनीति चमकाना निंदनीय है। कांग्रेस का आरोप है कि एयर शो जैसे अति–संवेदनशील और महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में सुरक्षा व्यवस्था को बनाए रखने तथा पास जारी करने की पूरी जिम्मेदारी प्रशासनिक अधिकारियों की होती है। लेकिन वाराणसी में भाजपा नेताओं द्वारा अपनी तस्वीरों वाले पास बांटना सुरक्षा मानकों के साथ खिलवाड़ है। यदि इन पासों को सक्षम प्रशासनिक प्राधिकारियों द्वारा अधिकृत नहीं किया गया था, तो यह एक गंभीर अपराध है। प्रशासन को तुरंत यह स्पष्ट करना चाहिए कि ये पास किसने छापे, किसके निर्देश पर बांटे गए और इसके पीछे क्या मंशा थी? कांग्रेस नेताओं के अनुसार, इन पासों पर नेताओं की तस्वीरें होने से आम जनता के बीच यह गलत संदेश जा रहा है कि एयर शो में प्रवेश प्रशासन के बजाय नेताओं के राजनीतिक प्रभाव या कृपा से मिल रहा है। यह सीधे तौर पर जनता को धोखा देने और नियमों का उल्लंघन करने जैसा है। कोतवाली थाने में दी गई तहरीर में कांग्रेस ने मांग की है कि पुलिस प्रशासन वितरित किए गए पासों के नमूनों को जब्त करे, उनके वितरण से जुड़े तथ्यों का सत्यापन करे और इस धोखाधड़ी में शामिल प्रभावशाली जनप्रतिनिधियों की भूमिका की पड़ताल कर उचित कानूनी कदम उठाए।

रेलवे का बड़ा कदम, आनंद विहार स्टेशन पर पार्सल सेवाओं की कमान निजी एजेंसी को देने की तैयारी

नई दिल्ली एजेंसी।। रेलवे ने आनंद विहार टर्मिनल पर पार्सल सेवाओं को अधिक व्यवस्थित बनाने की तैयारी शुरू की है। इसके तहत पार्सल कार्यालय की विभिन्न गतिविधियों को निजी एजेंसी के माध्यम से संचालित किया जाएगा। इस पहल से कारोबारियों, छोटे व्यापारियों और यात्रियों को बेहतर सुविधा मिलेगी। यह पहल एफएम सर्कुलर 26 ऑफ 2025 के प्रावधानों के तहत की जा रही है। इसका मुख्य उद्देश्य पार्सल कार्यालय के कामकाज को व्यवस्थित करना है। सामान की बुकिंग से लेकर उसे संभालने और आगे भेजने तक की गतिविधियां बेहतर ढंग से संचालित होंगी। निजी एजेंसी का चयन और काम शुरू होने की विस्तृत जानकारी जल्द जारी होगी। रेलवे ने योजना के लिए अभिरुचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित की है। प्रस्ताव मिलने के बाद आगे की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। निजी एजेंसी को जिम्मेदारी मिलने पर सामान को उतारने, रखने, छांटने और आगे भेजने की प्रक्रिया व्यवस्थित होगी। नई व्यवस्था में कामकाज के स्पष्ट मानक तय होंगे, जिनकी नियमित निगरानी की जाएगी। एजेंसी के कर्मचारियों को प्रशिक्षण भी दिया जा सकता है। सामान के अनावश्यक रूप से पार्सल कार्यालय में पड़े रहने से राहत मिलेगी। छोटे व्यापारियों, लघु कारोबारियों और आम लोगों को भी घर का सामान, फर्नीचर व वाहन भेजने में सुविधा मिलेगी।

जून तक पूरा हो सकता है उन्नाव स्टेशन का पुनर्विकास कार्य

☐ रेलवे जीएम ने किया निरीक्षण,
☐ सुरक्षा के सवाल पर बोले– पुलिस से जानकारी लेकर देंगे

लोक हस्तक्षेप संवाददाता

उन्नाव। उन्नाव रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास कार्य जून 2027 तक पूरा होने की उम्मीद है। शनिवार दोपहर करीब साढ़े 12 बजे नॉर्दर्न रेलवे के महाप्रबंधक (जीएम) राजेश पांडे स्टेशन पहुंचे। उन्होंने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया और अधिकारियों से प्रगति की जानकारी ली। जीएम ने निर्माण कार्य की स्थिति को संतोषजनक बताते हुए गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही यात्रियों की सुविधाओं में सुधार और महिला प्रतीक्षालय के नवीनीकरण पर भी जोर दिया। निरीक्षण के बाद बातचीत में जीएम राजेश पांडे ने बताया कि स्टेशन के पुनर्विकास का काम चल रहा है। फिलहाल आधी बिल्डिंग का निर्माण काफी आगे बढ़ चुका है। इसके पूरा होने के बाद दूसरी तरफ का काम शुरू कराया जाएगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि जून 2027 तक स्टेशन के पुनर्विकास का काम पूरा हो सकता है। इसके लिए रेलवे की ओर से प्रयास किए जा रहे हैं। जीएम ने कहा कि निर्माण कार्य के दौरान कुछ छोटी–मोटी कमियां सामने आती रहती हैं। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा–निर्देश दिए गए हैं, ताकि निर्माण की गुणवत्ता उच्च स्तर की बनी रहे। उन्होंने कहा कि यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना भी रेलवे की प्राथमिकता है। स्टेशन पर यात्री सुविधाओं से जुड़ी कुछ कमियों को दूर करने के निर्देश दिए गए हैं।

महिला यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जीएम ने महिला प्रतीक्षालय का नवीनीकरण कराने को कहा। उन्होंने बताया कि यात्रियों और आम लोगों के माध्यम से मिलने वाली शिकायतों व सुझावों पर भी रेलवे ध्यान दे रहा है। सुविधाओं में सुधार के लिए जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं।

स्टेशन की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पूछे गए सवाल पर जीएम ने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ है। हालांकि, पत्रकारों ने हाल में नेपाली यात्री पुष्कर के साथ ट्रेन में मारपीट और जीआरपी हिरासत से जुड़े घटनाक्रम के बाद कानपुर में उसकी मौत का मामला उठाया। इस मामले में जांच और कार्रवाई की स्थिति पूछे जाने पर जीएम ने कहा कि संबंधित कार्रवाई पुलिस की ओर से की जा रही है। वह पुलिस से मामले का विवरण लेकर उपलब्ध कराएंगे।

सीतापुर से अयोध्या जा रहा छत्रपति शिवाजी सेना स्वराज रथ का हुआ स्वागत

लोक हस्तक्षेप समाचार

रामसनेहीघाट बाराबंकी। शनिवार कोअयोध्या–लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग के निकट सूरजवापुर के पास से छत्रपति शिवाजी सेना का स्वराज रथ सीतापुर से अयोध्या के लिए जा रहा था। क्षेत्र से गुजरने पर स्थानीय लोगों में भारी उत्साह देखने को मिला। ऋषि कुमार वर्मा, मोहित वर्मा, प्रेम नारायण यादव, आकाश वर्मा, बंटी वर्मा, पवन, त्रिवेणी, मेवालाल सहित दर्जनों लोगों ने फूल–मालाओं से रथ का जोरदार स्वागत किया। इस दौरान जय श्रीराम, जय शिवाजी के जयकारों से पूरा वातावरण गूंज उठा।रथ पर सवार संगठन के पदाधिकारी जय देव प्रभु वर्मा ने बताया कि यह रथ हिंदुओं को एकजुट होने का संदेश देने के लिए पिछले चार दिनों से निकला हुआ है। यह रथ जनपद सीतापुर महोली क्षेत्र के ग्राम हसनापुर से अयोध्या जा रहा है। यह रथ धर्म जागरण और हिंदू राष्ट्र एकता के संदेश को लेकर निकाला गया है। यात्रा पूरी करने के बाद रथ अपने पैतृक निवास स्थान पर वापस लौटेगा।

कंपोजिट माखी में न्याय पंचायत स्तरीय विद्यालय क्रीड़ा प्रतियोगिता का भव्य आयोजन

लोक हस्तक्षेप संवाददाता

माखी, उन्नाव। कंपोजिट विद्यालय माखी में न्याय पंचायत स्तरीय विद्यालय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन उत्साहपूर्ण एवं खेल भावना से ओतप्रोत वातावरण में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी मियागंज मनींद्र कुमार ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया। इस अवसर पर नोडल संकुल शिक्षक आशीष सिंह ने मुख्य अतिथि मनींद्र कुमार एवं उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ, जनपद उन्नाव के जिलाध्यक्ष कृष्ण शंकर मिश्र का माल्यार्पण कर स्वागत एवं अभिनंदन किया।

प्रतियोगिता में न्याय पंचायत के समस्त विद्यालयों के शिक्षकों ने अपने–अपने विद्यालयों के बच्चों के साथ उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। खेलकूद की विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिला। कार्यक्रम ने विद्यार्थियों में अनुशासन, सहयोग, आत्मविश्वास, स्वस्थ प्रतिस्पर्धा एवं टीम भावना जैसे गुणों को प्रोत्साहित करने का संदेश दिया।

इस अवसर पर शिक्षकगण सुजीत गुप्ता, आशुतोष सिंह, आदित्य कुमार सिंह, शिशुपाल सिंह, चक्र सुदर्शन सिंह शिवम सिंह धीरज जायसवाल, अखिलेश सिंह, मनोरमा शुक्ला, सौरभ सिंह, चेतराम गौतम, असमा जफरी, तृप्ति मिश्रा, प्रताप मिश्र, ज्योतिमा मिश्र, वंदना शुक्ला, पिंकी त्रिवेदी, शुभम मिश्रा एवं पीयूष मिश्रा सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे। साथ ही जूनियर शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष शिव कुमार तिवारी की उपस्थिति भी उल्लेखनीय रही। कार्यक्रम में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता ने आयोजन को सफल और प्रेरणादायी बनाया। इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ बच्चों के सर्वांगीण विकास के साथ–साथ उनमें खेलों के प्रति रुचि, स्वस्थ जीवनशैली एवं सकारात्मक प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

पिता को खोजने निकले युवक के साथ मारपीट सिर फटा,सोने की चेन और नकदी छीनने का आरोप

लोक हस्तक्षेप संवाददाता



उन्नाव। हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के बघवाकोला गांव निवासी एक युवक ने नैपालपुर गांव में मारपीट कर घायल करने, सोने की चेन और नकदी छीनने का आरोप लगाया है। घायल युवक जिला अस्पताल उन्नाव में भर्ती है। उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। पीड़ित ने मामले में आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित अमित सिंह के अनुसार, 22 अक्टूबर 2026 को दोपहर करीब तीन बजे उसके पिता घर से कहीं चले गए थे। परिजनों ने उनकी काफी तलाश की, लेकिन उनका पता नहीं चला। इसी दौरान उसे जानकारी मिली कि पास के नैपालपुर गांव में मेला लगा है। वह अपने पिता को खोजने वहां पहुंचा। बता दे कि आरोप है कि रात करीब 11:30 बजे रास्ते में ऑटो खड़ा होने के कारण साइड करने की बात कहने पर कुछ लोगों ने उसके साथ गाली–गलौज शुरू कर दी। पीड़ित का आरोप है कि इसके बाद कुछ अन्य लोगों को बुलाकर उसके साथ लात–घूंसों से मारपीट की गई। इस दौरान उसके गले से सोने की चेन खींचने और जेब में रखे 15,700 रुपये निकालने का भी आरोप लगाया गया है। पीड़ित ने आरोप लगाया कि धारदार हथियार से हमला किए जाने के कारण उसका सिर फट गया। साथ ही शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दी गई। घायल युवक ने प्रार्थना पत्र देकर मामले की जांच कराने और आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की है।

आज होगा अंगद-रावण संवाद और लक्ष्मण शक्ति लीला का मंचन

154वें साकेत धाम श्रीरामलीला महोत्सव में संजीवनी पर्वत लेकर आएंगे हनुमान जी, सायं सात बजे से

लोक हस्तक्षेप संवाददाता

उन्नाव। साकेत धाम श्रीरामलीला मैदान में 154वें श्रीरामलीला महोत्सव के अंतर्गत आज सायं सात बजे अंगद–रावण संवाद एवं लक्ष्मण शक्ति लीला का मंचन हुआ। श्री बृजराज राजेश्वरी लीला संस्थान के संस्थापक स्वामी सुरेश ठाकुर बृजवासी के सानिध्य में होने वाली लीला में रामायण के महत्वपूर्ण प्रसंगों का जीवंत चित्रण किया गया।अंगद–रावण संवाद में अंगद लंकापति रावण को प्रभु श्रीराम की शरण में आने का संदेश देंगे। वहीं, युद्ध के दौरान मेघनाद की शक्ति लगने से लक्ष्मण मूर्छित हो जाते। लक्ष्मण के प्राणों की रक्षा के लिए हनुमान जी द्रोणाचल पर्वत से संजीवनी बूटी युक्त पूरा पर्वत लेकर आए। संजीवनी के प्रभाव से लक्ष्मण को पुनः जीवन प्राप्त होता। इन प्रसंगों के माध्यम से प्रभु श्रीराम की मर्यादा, हनुमान जी के अद्भुत पराक्रम और भाई के प्रति लक्ष्मण–श्रीराम के प्रेम का भावपूर्ण चित्रण किया गया ।रामलीला महोत्सव के प्रसंगों में प्रभु श्रीराम द्वारा रामेश्वरम में सेतुबंध स्थापना एवं पूजन का प्रसंग भी विशेष महत्व रखता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, इस प्रसंग में आचार्य के रूप में लंकापति रावण को आमंत्रित किया जाता है। रावण प्रकांड विद्वान होने के नाते सीता जी को साथ लेकर पूजा संपन्न कराता है।रामलीला कमेटी के अध्यक्ष संजय राठी एवं महामंत्री शशांक अवस्थी ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर श्रीरामलीला के दर्शन करने और धर्मलाभ प्राप्त करने की अपील की है।इस अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष चंद्र प्रकाश अवस्थी, राम प्रकाश चौरसिया, जसमीत सिंह, संजीव गुप्ता उर्फ राजा भैया, कौशल किशोर यादव, प्रेम मिश्रा, इंद्र प्रकाश अवस्थी, विनोद शर्मा, मुख्य सेवायत कृष्ण प्रिया मोती श्याम, उप प्रबंधक मनीष पांडे, उपाध्यक्ष विशाल सिंह, प्रमोद गुप्ता (रामू), विशाल गुप्ता, महेश गुप्ता, विजय गुप्ता, अजय श्रीवास्तव (एडवोकेट), निशेष जायसवाल (सभासद), दिलीप गुप्ता, अमित मिश्रा, सुभाष चंद्र गुप्ता, सत्येंद्र कुमार त्रिपाठी, अरविंद कुमार सिंह, संदीप सिंह चौहान, रवि शंकर अवस्थी, दीपक वर्मा, पत्रकार प्राचीन मिश्रा, डॉ. मनीष सेंगर, श्याम जी गुप्ता एवं नीतीश कुमार श्रीवास्तव सहित कमेटी के अन्य सदस्य आयोजन की व्यवस्थाओं में जुटे हैं।

स्थान : साकेत धाम श्रीरामलीला मैदान, उन्नाव।

समय : सायं सात बजे से।

आयोजकरू साकेत धाम श्री रामलीला कमेटी (रजि.), उन्नाव।

गैस पाइपलाइन के विवाद में घर में घुसकर मारपीट का आरोप

सोने की चेन छीनने और बेटी से अभद्रता की शिकायत

लोक हस्तक्षेप संवाददाता

उन्नाव। शहर के इंद्रा नगर मोहल्ले में गैस पाइपलाइन को लेकर हुए विवाद में एक व्यक्ति ने पड़ोसी और उसके परिवार के सदस्यों समेत छह लोगों पर घर में घुसकर मारपीट करने, सोने की चेन छीनने और उसकी बेटी के साथ अभद्रता करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने मामले में पुलिस से आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। बता दे कि पीड़ित के अनुसार, उसके मकान के बगल में संजय वर्मा का मकान है। दोनों मकानों के पास से सीयूजीएल कंपनी की गैस पाइपलाइन निकली हुई है। इसी पाइपलाइन को लेकर पड़ोसी पक्ष आए दिन विवाद और गाली–गलौज करता था। शिकायत के मुताबिक, 18 अक्टूबर 2026 की रात करीब 10रू10 बजे संजय वर्मा, उसकी मां नन्हक्की और चार अज्ञात लोग कथित तौर पर लाठी–डंडे लेकर पीड़ित के घर पहुंच गए। आरोप है कि गाली–गलौज का विरोध करने पर सभी ने उसके साथ मारपीट की और जब वह जान बचाकर घर के अंदर भागा तो आरोपी भी जबरन घर में घुस आए। पीड़ित ने घर में रखे सामान में तोड़फोड़ करने और गले में पहनी सोने की चेन छीनने का भी आरोप लगाया है। पीड़ित का आरोप है कि बीच–बचाव करने पहुंची उसकी बेटी एकता बाजपेयी के साथ भी अभद्रता और मारपीट की गई। शोर सुनकर मोहल्ले के गौरव प्रताप द्विवेदी और अन्य लोगों ने मौके पर पहुंचकर उन्हें बचाया। आरोपियों पर जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है। पीड़ित ने परिवार की सुरक्षा को लेकर चिंता जताते हुए पुलिस से आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करने की मांग की है। मामले में पुलिस की कार्रवाई और आरोपों की आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है।

बाबा साहब की प्रतिमा के पास झंडा गिराने पर विवाद

सुल्तानपुर,सवांददाता। अखंडनगर में पुलिस ने दो पक्षों के बीच तनाव खत्म कराया है। तीन दिन पहले नसदपुर में बाबा साहब की प्रतिमा के पास लगे झंडे को गिराने पर विवाद हुआ था। पुलिस ने केस दर्ज कर शनिवार शाम दोनों पक्षों को बैठाकर मामला शांत कराया। पीड़ित जगदम्बा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 21 अक्टूबर की रात करीब 8 बजे ब्राहिमपुर पेट्रोल पंप पर छोटू सिंह, सौरभ राजभर और बृजेश तिवारी ने उन्हें जातिसूचक गालियां दीं। विरोध करने पर लोहे की रॉड से हमला कर मारपीट की। आरोपियों ने जगदम्बा के गांव के राजकुमार की दुकान में घुसकर भी मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। अखंडनगर थाने में केस दर्ज कर विवेचना क्षेत्राधिकारी कादीपुर को सौंपी गई है। एसएचओ धीरेंद्र वर्मा ने दोनों पक्षों के 25–25 लोगों को बुलाकर निर्देश दिए कि कार्यक्रम के बाद तीन दिन में झंडे उतार लिए जाएं।

वर्षों की परंपरा में फिर जगी आस्था, काफी उठापटक के बाद ऐतिहासिक दशहरा मेले का हुआ शुभारंभ

लखीमपुर खीरी,सवांददाता। आस्था की लौ, रामायण के प्रसंग और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की छटा के बीच शुक्रवार को शहर के ऐतिहासिक दशहरा मेले का शुभारंभ हुआ। डीएम अंजनी कुमार सिंह और एसएसपी डॉ. ख्याति गर्ग ने नगर पालिकाध्यक्ष डॉ. ईरा श्रीवास्तव, ईओ संजय कुमार और मेला अध्यक्ष रवींद्र रावत 'डब्बू' के साथ विधि–विधान से पूजन–अर्चन कर दीप प्रज्ज्वलित किया। इसके साथ ही नगर की वर्षों पुरानी गौरवशाली परंपरा का उत्सव शुरू हो गया। नगर पालिकाध्यक्ष डॉ इरा श्रीवास्तव ने अपने स्वागत वक्तव्य में जिला प्रशासन, जनता का आभार व्यक्त करते हुए अतिथियों का सम्मान किया। उद्घाटन सत्र का संचालन समाजसेवी साहित्यकार राम मोहन गुप्त द्वारा किया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए डीएम अंजनी कुमार सिंह ने कहा कि ऐतिहासिक दशहरा मेला और रामलीला किसी एक व्यक्ति या प्रशासन के प्रयासों का परिणाम नहीं, बल्कि नगरवासियों के निरंतर सहयोग, समर्पण और सहभागिता का प्रतिफल हैं। पांच पीढ़ियों ने अपने योगदान से इस परंपरा को समृद्ध किया है। उन्होंने नगरवासियों को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन सामाजिक एकता, अखंडता और सांस्कृतिक विरासत को मजबूती प्रदान करते हैं। डीएम ने कहा कि अक्टूबर और नवंबर के महीने भक्ति और उल्लास से सराबोर रहते हैं।

नवरात्र, दुर्गा पूजा, रामलीला, रावण दहन और दीपावली जैसे पर्व समाज में समरसता, आनंद और शांति का संदेश देते हैं। मेले की परंपरा को आगे बढ़ाने में जनभागीदारी सबसे अहम है। डीएम ने श्रीरामचरितमानस की चौपाई 'सो सब तव प्रताप रघुराई, नाथ न कछू मोर प्रभुताई' का उल्लेख करते हुए कहा कि अच्छे कार्यों की सफलता का श्रेय किसी एक व्यक्ति को नहीं, बल्कि ईश्वर की कृपा और जनसामान्य के सहयोग को दिया जाना चाहिए। उन्होंने मेले के सफल और शांतिपूर्ण आयोजन की कामना करते हुए आयोजकों एवं नगरवासियों के प्रति आभार जताया। नगर पालिका परिषद की ओर से आयोजित मेला दशहरा–2026 के पहले दिन लखनऊ के नित्यांजलि फाउंडेशन के कलाकारों ने रागिनी श्रीवास्तव के निर्देशन में रामायण आधारित मनमोहक नृत्य–नाटिका प्रस्तुत की। सीता स्वयंवर, राम वनगमन, रावण वध और श्रीराम के राजतिलक के प्रसंगों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में राजकुमार त्रिवेदी एडवोकेट, पूर्व सभासद शिवकांत मिश्रा और आचार्य अजय शास्त्री को शॉल एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान सीओ सिटी महक शर्मा, मेलाधिकारी समरा सईद, सभासदों, नगर पालिका के अधिकारियों –कर्मचारियों सहित बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

दिव्यांग बैटरी रिक्शा चालक ने मारपीट का लगाया आरोप, न्याय की गुहार

लोक हस्तक्षेप संवाददाता



उन्नाव। दिव्यांग बैटरी रिक्शा चालक अनुपम कुमार ने कुछ महिलाओं पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित का कहना है कि वह बैटरी रिक्शा चलाकर सामान ढोने का काम करता है और इसी से अपने परिवार का जीवनयापन करता है। बीते दिनों कुछ महिलाओं ने कथित तौर पर उस पर आरोप लगाते हुए उसके साथ मारपीट की। घटना का वीडियो भी सामने आने की बात कही जा रही है। बता दे की पीड़ित अनुपम कुमार, पुत्र दुर्गा प्रसाद, का आरोप है कि घटना के बाद उसने संबंधित चौकी पर अपनी शिकायत रखी, लेकिन अब तक उसकी सुनवाई नहीं हुई है। कार्रवाई न होने के चलते वह काफी परेशान और डरा हुआ है। पीड़ित ने मामले में निष्पक्ष जांच कराकर न्याय दिलाए जाने की मांग की है। वहीं, विकलांग प्रकोष्ठ के नेता तन्मय श्रीवास्तव ने पीड़ित का समर्थन करते हुए उसके लिए न्याय की मांग उठाई है। उन्होंने बताया कि इस मामले में आला अधिकारियों से बातचीत कर पीड़ित की समस्या उनके सामने रखी गई है। तन्मय श्रीवास्तव ने कहा कि यदि पीड़ित को न्याय नहीं मिला और उसकी शिकायत पर सुनवाई नहीं हुई, तो वह आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। उन्होंने पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए आगे भी प्रयास जारी रखने की बात कही। फिलहाल मामले में पुलिस का पक्ष और आधिकारिक कार्रवाई की जानकारी सामने आना बाकी है।

मतदाता सूची में नाम जोड़ने को बूथों पर जुटा प्रशासन, डीएम ने अभियान का लिया जायजा

लखीमपुर खीरी,सवांददाता। लोकतंत्र की मजबूती के लिए हर पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में दर्ज होना जरूरी है। इसी उद्देश्य से शनिवार को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जिले के सभी मतदेय स्थलों पर विशेष कैंप लगाकर मतदाता पंजीकरण अभियान चलाया गया। सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) अपने–अपने बूथों पर मौजूद रहे और मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से छूटे लोगों तथा पहली बार मतदान के लिए पात्र युवाओं को पंजीकरण का अवसर उपलब्ध कराया।

अभियान की जमीनी हकीकत परखने के लिए डीएम अंजनी कुमार सिंह ने राजकीय इंटर कॉलेज, परिषदीय विद्यालय सलेमपुर और गुरु नानक इंटर कॉलेज में स्थापित बूथों का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित बीएलओ से अभियान की प्रगति की जानकारी ली। डीएम ने नए मतदाताओं के पंजीकरण के लिए प्राप्त फॉर्म–6 की स्थिति भी जानी और पात्र नागरिकों को मतदाता सूची से जोड़ने के कार्य को गंभीरता से पूरा करने पर जोर दिया। वही प्राप्त फार्मो को आज ही ऑनलाइन फीड करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम सदर, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट चलुवराजु आर, तहसीलदार मुकेश कुमार वर्मा सहित संबंधित सुपरवाइजर और राजस्व अधिकारी मौजूद रहे। वहीं, जिले के सभी उप जिला मजिस्ट्रेट अपने–अपने क्षेत्रों में भ्रमणशील रहकर विशेष कैंपों की निगरानी करते रहे और बीएलओ का उत्साह बढ़ाया।

एडीएम ने धान खरीद केंद्रों का किया निरीक्षण 9 प्रभारी मिले नदारद

लखीमपुर खीरी,सवांददाता। खरीफ विपणन वर्ष 2026–27 में धान खरीद की तैयारियों का जायजा लेने के लिए अपर जिलाधिकारी ब्रजेश कुमार त्रिपाठी और जिला खाद्य विपणन अधिकारी नमन पांडेय ने लखीमपुर मंडी स्थित राजकीय धान क्रय केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कुल 17 क्रय केंद्र प्रभारियों में से आठ उपस्थित मिले, जबकि नौ अनुपस्थित पाए गए। इस पर एडीएम ने कड़ी नाराजगी जताते हुए संबंधित केंद्र प्रभारियों से स्पष्टीकरण तलब करने और नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने नमी मापक यंत्र, तौल कांटों, धान की गुणवत्ता जांच, नमूनों की जांच और अभिलेखों का जायजा लिया। अधिकारियों ने स्वयं धान के नमूनों की गुणवत्ता परखी। साथ ही भंडारित धान के रखरखाव, बोरियों की स्टैकिंग, तिरपाल से ढकने की व्यवस्था और केंद्रों पर खरीद संबंधी सूचना बैनर की भी जांच की। एडीएम ने कहा कि किसानों के हितों से जुड़े कार्यों में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी केंद्र प्रभारी निर्धारित समय पर केंद्रों पर उपस्थित रहें और किसानों को किसी तरह की परेशानी न होने दें। धान की खरीद शासन द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य पर पारदर्शी तरीके से की जाए। बिना उचित कारण किसी भी किसान को केंद्र से वापस न लौटाया जाए। एडीएम ने क्रय केंद्रों पर तौल कांटे, नमी मापक यंत्र सहित सभी उपकरणों को चालू हालत में रखने तथा हेल्पलाइन नंबर और खरीद संबंधी जानकारी स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करने के निर्देश भी दिए।

स्वस्थ बच्चे ही विकसित राष्ट्र निर्माण की आधारशिला: ब्रजेश पाठक

बाल चिकित्सा तंत्रिका विज्ञान के नवीनतम अनुसंधानों पर हुआ मंथन

संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ में बाल चिकित्सा तंत्रिका विज्ञान के क्षेत्र में नवीनतम शोध, आधुनिक उपचार पद्धतियों और चिकित्सा नवाचारों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित 'न्यूरोपेडिकॉन–2026' के 25वें तीन दिवसीय वार्षिक सम्मेलन में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ने ब्रजेश पाठक ने कहा कि स्वस्थ बच्चे ही विकसित राष्ट्र निर्माण की आधारशिला हैं। आज का नया उत्तर प्रदेश मेडिकल के क्षेत्र में नित नए आयाम स्थापित कर रहा है।

एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक न्यूरोलॉजी (उत्तर प्रदेश चौप्टर) द्वारा लखनऊ एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स एवं किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के पीडियाट्रिक्स विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस सम्मेलन में बाल चिकित्सा तंत्रिका विज्ञान से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई।

उप मख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि मेडिकल सेक्टर में उत्तर प्रदेश एक बड़ा नेटवर्क खड़ा करने में सफल हुआ है।

रंगों और रील्स के जरिए दुनिया देखेगी नई अयोध्या की भव्य तस्वीर : जयवीर

लखनऊ,सवांददाता। योगी सरकार दीपोत्सव2026 में अयोध्या की सांस्कृतिक विरासत, ऐतिहासिक वैभव और बदलते स्वरूप को रंगों व रचनात्मकता के जरिए दुनिया के सामने लाने की तैयारी कर रही है। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग की ओर से चित्रकला और रील मेकिंग प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। इनके माध्यम से देशभर के कला प्रेमी और रचनात्मक प्रतिभाएं रामनगरी की परंपराओं, प्रमुख स्थलों, विकास कार्यों और दीपोत्सव की भव्यता को अपने अंदाज में प्रस्तुत कर सकेंगे। दोनों प्रतियोगिताओं में सभी आयु वर्ग के लोग हिस्सा ले सकते हैं। प्रविष्टियां जमा करने की अंतिम तिथि दो नवंबर निर्धारित की गई है। विजेताओं को दीपोत्सव में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में सम्मानित किया जाएगा ।पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अयोध्या भारत की आस्था, संस्कृति और गौरवशाली विरासत के प्रतीक रूप में स्थापित हुआ है। दीपोत्सव–2026 के अंतर्गत चित्रकला और रील मेकिंग प्रतियोगिता युवाओं व रचनात्मक प्रतिभाओं को अयोध्या के बदलते स्वरूप, विकास की गाथा और सनातन संस्कृति की भव्यता को दुनिया के सामने प्रस्तुत करने का सशक्त मंच प्रदान करेगी। हमारा उद्देश्य है कि आधुनिक तकनीक और रचनात्मकता के माध्यम से रामनगरी की सांस्कृतिक विरासत और विकास यात्रा जन–जन तक पहुंचे तथा वैश्विक पटल पर इसकी पहचान और अधिक सुदृढ़ हो ।चित्रकला प्रतियोगिता की थीम कला के माध्यम से अयोध्या का उत्सव रखी गई है।

नवीन भटनागर अध्यक्ष महेंद्र प्रताप महामंत्री निर्विरोध निर्वाचित

संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग स्टेनोग्राफर्स संघ का 36वां अधिवेशन सिंचाई भवन मुख्यालय के सभागार में सम्पन्न हुआ कार्यक्रम के प्रथम सत्र में अधिवेशन व द्वितीय सत्र में चुनाव प्रक्रिया हुई अधिवेशन में सभी अतिथियों का स्वागत एवं सम्मानित किया गया और सभी वक्ताओं ने अपने–अपने विचार व्यक्त किए कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराई गई सभी पदाधिकारी सर्वसम्मति से निर्विरोध निर्वाचित हुए। चुनाव अधिकारी ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों की घोषणा की नवनिर्वाचित पदाधिकारियों में अध्यक्ष नवीन भटनागर वरिष्ठ उपाध्यक्ष कविता तिवारी उपाध्यक्ष तौकीर अहमद महामंत्री महेंद्र प्रताप संगठन मंत्री सुनील कुमार संयुक्त मंत्री पूर्व सचिन कुमार सरोज संयुक्त मंत्री पश्चिम अनुराग यादव कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश रविदास एवं आडिटर गौरव कुमार निर्विरोध निर्वाचित हुए कार्यक्रम में उपस्थित सभी ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

पंजाब के मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण विभाग के स्टॉल पर उत्पादों का लिया स्वाद,सराहा

लखनऊ,सवांददाता। उत्तर प्रदेश के खाद्य प्रसंस्करण उत्पादों को वैश्विक बाजार में पहचान दिलाने की दिशा में बड़ी पहल हुई है। फ्रांस की राजधानी पेरिस में आयोजित अंतरराष्ट्रीय खाद्य प्रदर्शनी सियाल पेरिस 2026 में प्रदेश के उद्यमियों को विदेशी खरीदारों से जुड़ने और निवेश के नए अवसर तलाशने का मंच मिला है। बरेली की ग्रोवर फूड्स के आलू प्रसंस्कृत उत्पादों की यूरोपीय खरीदारों ने सराहना की है। कंपनी के अनुसार 15 नए देशों के संभावित खरीदारों से संपर्क स्थापित हुआ है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण विभाग के स्टॉल पर पहुंचकर प्रदेश में निर्मित खाद्य उत्पादों का अवलोकन किया तथा विभिन्न उत्पादों का स्वाद भी चखा। उन्होंने उत्तर प्रदेश के खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में तैयार किए जा रहे उत्पादों की गुणवत्ता, विविधता और संभावनाओं में रुचि दिखाई। भगवंत मान ने उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की सराहना करते हुए कहा कि महिलाओं और युवाओं के लिए रोजगार सृजन, स्वरोजगार को बढ़ावा देने तथा आर्थिक सशक्तीकरण की दिशा में किए जा रहे प्रयास सराहनीय हैं।श्री मौर्य ने कहा कि डबल इंजन सरकार का लक्ष्य किसानों की उपज को बेहतर बाजार, उद्यमियों को कारोबार के अवसर और युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना है।अंतरराष्ट्रीय मंचों पर प्रदेश की भागीदारी से निवेश और निर्यात की संभावनाएं बढ़ेंगी तथा उत्तर प्रदेश के उत्पादों को वैश्विक पहचान मिलेगी।अपर मुख्य सचिव खाद्य प्रसंस्करण बीएल मीना ने बताया की उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशन में प्रदेश के किसानों की उपज का मूल्य संवर्धन करने, महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर मिले है। खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने और स्थानीय उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंचाने का प्रभावी माध्यम बन रहा है।

फ्रांस–जर्मनी की कंपनियों से कारोबार पर बात विशेष सचिव उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग राजकमल यादव के नेतृत्व में प्रदेश का प्रतिनिधिमंडल प्रदर्शनी में हिस्सा ले रहा है। विदेश यात्रा से आये श्री यादव ने बताया' की बरेली की ग्रोवर फूड्स और बुलंदशहर की सनशाइन वेजिटेबल्स प्राइवेट लिमिटेड शामिल हैं। ग्रोवर फूड्स के अनुसार, फ्रांस और जर्मनी की कंपनियों के साथ व्यावसायिक चर्चाएं आगे बढ़ रही हैं। खरीदारों ने कंपनी के उत्पादों के नमूने भी लिए हैं। सनशाइन वेजिटेबल्स ने आधुनिक तकनीक से प्रसंस्कृत सब्जियों और फ्रोजन खाद्य उत्पादों के क्षेत्र में प्रदेश की क्षमताओं को प्रदर्शित किया है।प्रदेश में प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम उन्नयन योजना और उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति–2023 के माध्यम से खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना, आधुनिकीकरण और उद्यमिता को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

भगवान विष्णु के अंश हैं बाल्मीकि के राम : चिदम्बरानन्द

जन्मे कौशल्या के ललनवा हो रामा बाजे बधाई हो

लखनऊ,सवांददाता। लखनऊ के जानकीपुरम विस्तार की सूर्या अकादमी में चल रही श्रीमद् बाल्मीकि रामायण कथा व्यास स्वामी चिदम्बरानन्द सरस्वती ने राम जन्म प्रसंग का विशद विवेचन करते हुए कहा कि जहां महर्षि बाल्मीकि राम को उन्हें साक्षात भगवान विष्णु का अंश बताते हुए उनके संपूर्ण जीवन को मानवीय सीमाओं और आदर्शों के भीतर मर्यादा पुरुषोत्तम रखा है, वहीं अपनी भक्ति भावना के वशीभूत गोस्वामी तुलसीदास ने उन्हें स्वयं भगवान मानते हुए उनके जन्म की लीला को चमत्कारिक स्वरुप दिया है। स्वामी ने कहा कि बाल्मीकि रामायण में राम जन्म प्रसंग ऐतिहासिक, संयमित और मानवीय मर्यादा पर आधारित है वहीं राम चरित मानस में यह भक्ति–प्रधान और भाव विभोर करने वाला है। उन्होंने कहा कि स्वयं की एक मात्र संतान पुत्री शांता को निरू संतान मित्र को सौंप देने वाले महाराज दशरथ को उसी पुत्री के पति ऋषि श्रंग्य द्वारा पुत्रेष्टि यज्ञ कराने के बाद उन्हें चार पुत्र प्राप्त होते हैं। यह स्वयं उस लीलाधर की लीला नहीं तो और क्या है। बाल्मीकि जी के राम चौत्र शुक्ल नवमी तिथि को पुनर्वसु नक्षत्र में सामान्य,सुंदर और तेजस्वी शिशु के रूप में जन्म लेते हैं ।

वहां चतुर्भुज या दैवीय रुप का दर्शन नहीं है जबकि तुलसी दास के उपास्य भगवान राम चतुर्भुज रूप में प्रकट होते हैं। तुलसी दास और बाल्मीकि की कथा–वस्तु में भले ही कतिपय अंतर हैं तथापि वह निश्चित रूप से मनोहारी है। दोनों ने ही इस अवसर को अतिशय सुखद और अयोध्यावासियों के लिए एक पर्व सदृश बताया है। हर भाषा,हर संस्कृति और हर समाज में भगवान राम का चाहे जो स्वरूप बताया गया है परन्तु सभी में उनके जन्म को संपूर्ण जगत और मानवता के लिए सुखद अवसर करार दिया गया है।बाल स्वयं सेवकों द्वारा भगवान के जन्म की मंगलमयी झांकी प्रस्तुत की।इसी के साथ सोहर जन्मे कौशल्या के ललनवा,हो रामा बाजे बधाई हो का स्वर गूंजते ही पूरा पाण्डाल जैसे अयोध्या बन झूम उठा। वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया और सुमधुर भजनों पर श्रोता मंत्रमुग्ध हो देर तक आनंद विभोर हो नृत्य करते रहे। इस मौके पर डॉ सरल अवस्थी,राम किशोर मिश्र ,डॉ भानु प्रताप सिंह ,राम शब्द मिश्रा,विनय कृष्ण पांडेय, अभय कुमार दीक्षित,सुनील कुमार गुप्ता, आरपी अवस्थी,अनिल कुमार श्रीवास्तव, सुशील चंद्र अग्रवाल प्रमोद वैश्य ,मुकेश कौशल,गोपालनिगम,चंद्र शेखर ,अवध किशोर मिश्र,श्रीकांत गुप्ता, अतुल दीक्षित और गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

10वीं, 12वीं, आईटीआई व स्नातक पास अभ्यर्थियों के लिए सुनहरा मौका

लखनऊ,सवांददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश के युवाओं को तकनीकी रूप से दक्ष बनाकर उन्हें प्रतिष्ठित औद्योगिक घरानों में रोजगार उपलब्ध कराने के लिए मिशन रोजगार अभियान निरंतर गति पकड़ रहा है। इसी क्रम में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अलीगंज लखनऊ में 31 अक्टूबर को प्रातः 10 बजे से एक वृहद कैंपस प्लेसमेंट व रोजगार भर्ती अभियान का आयोजन किया जा रहा है।इस रोजगार मेले में देश की प्रतिष्ठित ऑटोमोबाइल कंपनी टाटा मोटर्स लिमिटेड, इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्षेत्र की अग्रणी कंपनी डिक्सन टेक्नोलॉजीज तथा आईटी एवं डाटा सेवा प्रदाता कंपनी कॉर्पस डेटा इंफॉर्मेशन सर्विसेज द्वारा विभिन्न पदों पर सैकड़ों युवाओं का चयन किया जाएगा। प्लेसमेंट ड्राइव में 10वीं, 12वीं, आईटीआई उत्तीर्ण एवं स्नातक योग्यताधारी महिला व पुरुष अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते हैं।कंपनीवार भर्ती एवं पदों के विस्तृत विवरण के अंतर्गत, डिक्सन टेक्नोलॉजीज, नोएडा में ऑपरेटर के कुल 100 पद हैं, जिसके लिए 10वीं, 12वीं, आईटीआई या स्नातक उत्तीर्ण 18 से 35 वर्ष के महिला एवं पुरुष अभ्यर्थी पात्र हैं, जिन्हें सेक्टर–151, नोएडा कार्यस्थल के लिए 24,257 से 26,484 तक मासिक वेतन दिया जाएगा।

पुलिस ने वारंटी को घर से गिरफ्तार किया

लखनऊ,सवांददाता। रहीमाबाद पुलिस ने न्यायालय से जारी वारंट के आधार पर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ मलिहाबाद थाने में आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज था। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी को आवश्यक कार्रवाई के बाद न्यायालय के समक्ष पेश करने के लिए भेज दिया। पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ की ओर से वांछित, वारंटी और सक्रिय अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। पुलिस के मुताबिक, रहीमाबाद थाना क्षेत्र की टीम ने शनिवार को न्यायालय से जारी वारंट के आधार पर घर पर दबिश देकर रामचन्द्र रामनगर, मजरा ससपन रहीमाबाद को गिरफ्तार किया। जिसके विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तारी की सूचना आरोपी की पत्नी को दी गई।

यूपी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने सपा से मांगी 175 सीटें

लखनऊ,सवांददाता। उत्तर प्रदेश में अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए समाजवादी पार्टी (सपा) के साथ सीट बंटवारे को लेकर कांग्रेस ने औपचारिक बातचीत शुरू कर दी है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार, कांग्रेस ने 175 से अधिक सीट की प्रारंभिक सूची सौंपी है, जहां उसे लगता है कि वह गठबंधन में प्रभावी भूमिका निभा सकती है। कांग्रेस के उत्तर प्रदेश मामलों के प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम ने बताया कि यह सूची कुछ दिन पहले सपा नेताओं के साथ साझा की गई थी और जल्द ही दोनों दलों के नेता सीट बंटवारे पर विस्तृत चर्चा के लिए बैठेंगे। गौतम ने कहा, मैं आपको सटीक संख्या नहीं बता सकता, लेकिन हमने 175 से 200 सीट की सूची सौंपी है। उन्होंने संकेत दिया कि 403 विधानसभा सीट वाले राज्य में चुनाव से पहले पार्टी बातचीत के लिए तैयार है। कांग्रेस नेता ने कहा, दोनों दलों के नेतृत्व एक साथ बैठकर सीट बंटवारे की बारीकियों को तय करेंगे। सपा के एक वरिष्ठ नेता ने कांग्रेस की प्रारंभिक सूची पर कहा, मुझे लगता है कि हमारे नेता अखिलेश यादव जी ने स्पष्ट कर दिया है कि जीतने की क्षमता ही एकमात्र मानदंड है। इसलिए कोई भी कुछ भी मांग सकता है, लेकिन राजनीति में सर्वमान्य और सार्थक समाधान तक पहुंचने के लिए दिखावे से आगे बढ़ना होगा।ष हालांकि इस बीच, शुक्रवार को यहां समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने पत्रकारों से कहा, कांग्रेस, सपा और इंडिया गठबंधन को मजबूत किया जाना चाहिए। हमारा साझा लक्ष्य भाजपा को सत्ता से हटाना है।

उन्होंने कहा, भाजपा को सत्ता से बाहर करने के लिए हम लोगों को समझाएंगे और हम ऐसा जरूर करेंगे। भाजपा को हराने के लिए यह गठबंधन प्रभावी ढंग से आगे बढ़ेगा। उत्तर प्रदेश में कांग्रेस का जनाधार 1989 के बाद से लगातार घटा है। उस वर्ष पार्टी ने आखिरी बार राज्य में सरकार बनाई थी। कांग्रेस ने 2022 का विधानसभा चुनाव अकेले लड़ा था, लेकिन उसे केवल दो सीट पर जीत मिली थी। यह संख्या 2017 में जीती गई सात सीट से भी कम थी। हालांकि, 2024 के लोकसभा चुनाव के नतीज ने पार्टी की उम्मीदें बढ़ाई हैं। उस चुनाव में कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश में सपा के साथ गठबंधन करके 80 में से छह लोकसभा सीट जीती थीं, जबकि सपा को 37 और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को 33 सीट मिली थीं। गौतम ने कहा, ष2024 का लोकसभा चुनाव इस बात का प्रमाण है कि दोनों दल (कांग्रेस और सपा) मिलकर प्रभाव डाल सकते हैं।

सांसद अफजाल अंसारी की तबीयत बिगड़ी, आईसीयू में भर्ती

लखनऊ,सवांददाता। गाजीपुर से सपा सांसद अफजाल अंसारी की तबीयत बिगड़ गई। शुक्रवार शाम उन्हें उल्टियां होने लगीं। हालत बिगड़ने पर परिजन नजदीकी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां से डॉक्टरों ने लखनऊ रेफर कर दिया। इसके बाद उन्हें गाजीपुर से एंबुलेंस से लाकर लखनऊ मेदांता में गैस्ट्रो विभाग में भर्ती कराया गया है। हॉस्पिटल ने शनिवार को हेल्थ बुलेटिन जारी कर बताया अफजाल अंसारी को पेट में तेज दर्द के बाद यहां लाया गया। जांच में पता चला कि उनके पैंक्रियास (अग्न्याशय) में सूजन है। उन्हें हल्का पीलिया भी है। फिलहाल उन्हें आईसीयू में रखा गया है। डॉ. अभय वर्मा और डॉ. दिलीप दुबे की टीम उनकी देखभाल में लगी हैं। इससे पहले परिजनों ने बताया कि अफजाल लंबे समय से लिवर की बीमारी से जूझ रहे हैं। शुक्रवार सुबह गले में खराश, सर्दी की समस्या थी। इस बीच, घी और गुड़ का घरेलू नुस्खा अपना लिया। अचानक उल्टियां होने लगीं। तेज बुखार आ गया। पेट के ऊपरी हिस्से और सीने के नीचे तेज दर्द होने लगा। अफजाल की तबीयत बिगड़ने की जानकारी सबसे पहले मुख्तार अंसारी के बेटे और विधायक अब्बास अंसारी ने दी। उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखा–बड़े अब्बा की सेहत खराब हो गई है। लखनऊ में इलाज चल रहा है। आप सभी से दुआओं की गुजारिश है।ष गाजीपुर से सपा विधायक और सांसद के भतीजे सुहैब अंसारी उन्हें लेकर लखनऊ पहुंचे। गाजीपुर के मुहम्मदाबाद के रहने वाले अफजाल अंसारी 3 बार के सांसद हैं। 5 बार विधायक रह चुके हैं।

ब्राह्मण सभा मनाएगी 11वां स्थापना दिवस

ग्रेटर नोएडा,सवांददाता। ब्राह्मण सभा उत्तर प्रदेश, ग्रेटर नोएडा की ओर से 25 अक्टूबर, रविवार को 11वां स्थापना दिवस समारोह उमंग और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में समाज के लिए उत्कृष्ट योगदान देने वाले ब्राह्मणों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर ब्रह्म चेतना स्मारिका का विमोचन भी होगा। समारोह में सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. महेश शर्मा, एमएलसी श्रीचंद शर्मा, सुशील महाराज, भाजपा जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा, इंडिया एक्सपो मार्ट के चेयरमैन राकेश कुमार, दादरी की चेयरपर्सन गीता पंडित और सिकंदराबाद के चेयरमैन डॉ. प्रदीप दीक्षित मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कवियों के साथ मशहूर फिल्म गीतकार संतोष आनंद कवि सम्मेलन में अपनी प्रस्तुतियां देंगे।

लाइव जैकेट पहनकर आपदा मित्रों का विरोध प्रदर्शन, 26 हजार रुपए वेतन की मांग

लखनऊ,सवांददाता। राजधानी लखनऊ में शनिवार को उत्तर प्रदेश आपदा मित्र एसोसिएशन ने विरोध प्रदर्शन किया। इको गार्डन में आपदा न्यूनीकरण और अपनी विभिन्न मांगों को लेकर जमा हुए इस दौरान लाइव, हेलमेट समेत पूरी किट पहनकर प्रदर्शन किया। एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष राज किशोर कुमार ने बताया कि आपदा मित्र साल 2018 से उत्तर प्रदेश सरकार और राहत आयुक्त के निर्देशों का पालन कर रहे हैं। मगर हमारी मांगों को लगातार नजरअंदाज किया जा रहा है। राज किशोर ने कहा कि 2018 से आईडी कार्ड और किट वगैरह मिला। बाढ़, भूकंप के साथ कोरोना काल, कुंभमेला, माघ मेला, सावन मेला और गणतंत्र दिवस परेड जैसी चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में अपनी सेवाएं देते हैं। हर जरूरी परिस्थिति में और आपदा के समय हम लोग पुलिस प्रशासन के कंधे से कंधा मिलाकर काम करते हैं।

इसके अतिरिक्त, अग्नि सचेतक प्रशिक्षण और नागरिक सुरक्षा प्रशिक्षण जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में भी आपदा मित्रों ने प्रशासन का पूरा सहयोग किया है। इसलिए हमारी मांगों को स्वीकार करना बेहद आवश्यक है। राज किशोर ने कहा कि हमारी कई प्रमुख मांगें है, जिसमें सरकार द्वारा घोषित 5 लाख रुपए की बीमा राशि को बढ़ाकर 20 लाख रुपए करना शामिल है। साथ ही, सभी आपदा मित्रों के लिए 26,910 रुपए प्रति माह के न्यूनतम वेतन की गारंटी दी जाए। सभी आपदा मित्रों,सखियों को सड़क सुरक्षा, ट्रैफिक व्यवस्था, सुरक्षित विद्यालय और फायर ब्रिगेड से जोड़ते हुए औपचारिक रूप से आपदा कर्मचारी घोषित किया जाए।

इसके अलावा, स्वास्थ्य बीमा, ईएसआई, पीएफ और रिटायरमेंट लाभ जैसी सुविधाएं प्रदान कर सामाजिक सुरक्षा की गारंटी सुनिश्चित की जाए। संगठन ने बीमा पॉलिसी, डीजी लॉकर सर्टिफिकेट और डिजिटल नंबर वाले नए आईडी कार्ड के साथ–साथ मानसून से पहले ड्रेस–किट उपलब्ध कराने की भी मांग की है। प्रदर्शनकरियों ने कहा कि जबतक मांग पूरी नहीं होगी प्रदर्शन जारी रहेगा।

एमिटी यूनिवर्सिटी के सामने 5 दुकानों में लगी आग

नोएडा,सवांददाता। नोएडा के सेक्टर–125 स्थित एमिटी यूनिवर्सिटी के सामने स्थित चाय–नाश्ते की दुकानों में अचानक आग लगने से अफरा–तफरी मच गई। आग की चपेट में पांच दुकानें आ गईं। इस दौरान सिलेंडर फटने की सूचना भी मिली, जिससे मौके पर मौजूद लोगों में दहशत फैल गई। बताया गया कि दो से तीन बार छोटे सिलेंडर फटने की आवाज आई। एडीसीपी अभय कुमार मिश्र ने बताया कि आग बुझाने के दौरान एक व्यक्ति अचेत अवस्था में मिला था। जिसे जिला अस्पताल लाया गया। वहां इलाज के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया गया। बताया गया कि उसकी मौत दम घुटने से हुई है। व्यक्ति इन्ही दुकानों में काम करता था। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की 12 गाड़ियों को मौके पर भेजा गया था। इसमें से छह गाड़ियों से आग को बुझा दिया गया। करीब 30 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया।

कैसरबाग पुलिस ने खोए हुए 12 मोबाइल बरामद कर उनके मालिकों को सौंपे

लखनऊ,सवांददाता। पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ के थाना कैसरबाग पुलिस ने तकनीक का बेहतरीन इस्तेमाल करते हुए एक सराहनीय कार्य किया है। पुलिस ने सीईआईआर पोर्टल की मदद से नागरिकों के खोए या गिरे हुए कुल 12 मोबाइल फोन बरामद कर उन्हें उनके असली मालिकों को सकुशल सुपुर्द कर दिया है। थाना कैसरबाग पुलिस द्वारा सीईआईआर पोर्टल का प्रभावी व कुशल प्रयोग करते हुए उन मोबाइलों को ट्रेस किया गया, जिनकी गुमशुदगी की रिपोर्ट पोर्टल पर दर्ज कराई गई थी। पुलिस टीम ने अथक प्रयास कर कुल 12 मोबाइल फोन खोज निकाले। इसके बाद समाधान दिवस के अवसर पर थाना प्रभारी निरीक्षक ने इन सभी मोबाइल स्वामियों को थाने पर बुलाकर उनके फोन उन्हें सौंपे गए। इस अभियान के तहत जिन लोगों को उनके खोए हुए फोन वापस मिले हैं, उनमें बरेली के अनूप (रियलमी), लखनऊ के शिवपुरी खेड़ा निवासी सर्वेश कुमार (ओप्पो), गोरखपुर के मोहम्मद फैसल (रियलमी), बस्ती के प्रमोद कुमार (वनप्लस), बहराइच के नानपारा निवासी शरीफ खान (ओप्पो), बांदा के नरेन्द्र कुमार गुप्ता (पोको), बहराइच के ही मोहित कुमार मिश्रा (आईटेल), आजमगढ़ के शैलेन्द्र (मोटो), लखनऊ के बड़ा चाँदगंज निवासी विनोद प्रकाश कौशल (वीवो) और करण कुमार वर्मा (पोको), लखनऊ के हुसैनगंज निवासी मोइनुद्दीन (सैमसंग) तथा बाराबंकी के सतरिख निवासी मोहम्मद तालिब (सैमसंग) शामिल हैं।

संपादकीय

साइबर सुरक्षा में सेंध

ताजा घटनाएं न केवल संबंधित संस्थाओं की लापरवाही का संकेत हैं, बल्कि यह भी बताती हैं कि डिजिटल कारोबार के विस्तार के साथ–साथ सुरक्षा के मानकों को मजबूत करने के पर्याप्त कदम नहीं उठाए गए हैं। साइबर सुरक्षा से जुड़ी दो गंभीर घटनाओं ने उचित ही भारत में चिंता बढ़ा दी है। जब देश के सबसे बड़े बैंक (भारतीय स्टेट बैंक) के ग्राहकों का डेटा डार्क वेब पर लीक हो जाए, और दूसरी ओर बेंगलुरु की प्रमाणन कंपनी ई–मुद्रा के जारी डिजिटल प्रमाणपत्रों की सुरक्षा व्यवस्था में गंभीर खामी उजागर हो, उसे साधारण मामला नहीं माना जा सकता। दरअसल, ये घटनाएं न केवल संबंधित संस्थाओं की लापरवाही का संकेत हैं, बल्कि यह भी बताती हैं कि डिजिटल कारोबार के विस्तार के साथ–साथ सुरक्षा के मानकों को मजबूत करने के पर्याप्त कदम नहीं उठाए गए हैं। एसबीआई का डेटा लीक बैंक के ग्राहकों के भरोसे पर सीधा प्रहार है। बैंक ने 3,897 ग्राहकों के रिकॉर्ड डार्क वेब पर पाए जाने की पुष्टि की है, जिनमें नाम, मोबाइल नंबर, जन्म तिथि और पते जैसी संवेदनशील जानकारियां शामिल हैं।आपत्तिजनक यह है कि बैंक को इस संबंध में 16 अक्टूबर को जानकारी मिली, जिसके पांच दिन बाद उसने शेयर बाजार को इसकी सूचना दी, जबकि प्रभावित ग्राहकों को तब तक कोई संदेश नहीं भेजा गया। यह बताता है कि कैसे आज संस्थाएं निवेशकों के हितों को तो प्राथमिकता देती हैं, लेकिन आम उपभोक्ता की सुरक्षा और सूचना के अधिकार को गंभीरता से नहीं लेतीं। दूसरी घटना तकनीकी दृष्टि से और भी गंभीर है। ई–मुद्रा के आठ डिजिटल प्रमाणपत्रों की निजी कुंजियां इतनी कमजोर थीं कि उन्हें सेकंडों में तोड़ा डाला गया। उसके बाद हैकर किसी भी वेबसाइट का प्रमाण पत्र देने का दावा करने की स्थिति में आ गए। स्पष्टतरू इस घटना ने देश की प्रमाणन प्रणाली की साख पर सवाल खड़े कर दिए हैं। इन घटनाओं से स्पष्ट है कि भारत की साइबर सुरक्षा व्यवस्था में सुधार की तत्काल आवश्यकता है। सरकार और नियामक संस्थाओं को चाहिए कि वे डेटा सुरक्षा कानूनों को सख्ती से लागू करें और इस संबंध पारदर्शिता भी सुनिश्चित करें, ताकि साइबर सुरक्षा में आम जन का भरोसा बहाल हो सके। डिजिटल विश्वास केवल सुरक्षा के मजबूत तंत्र से ही स्थापित हो सकता है, जिसके बिना कोई देश अपने उज्ज्वल डिजिटल भविष्य की आशा नहीं संजो सकता।

विपक्ष के पास क्या वैकल्पिक विचार है ?

अजीत द्विवेदी

विचार है? ध्यान रहे शरिजीम चेंजय अब किसी फ्रींज एलीमेंट की कही गई बात भर नहीं है। प्रशांत भूषण ने जब यह बात कही थी तब यह माना गया था कि वे भाजपा विरोधी सिविल सोसायटी का प्रतिनिधि चेहरा हैं लेकिन वे मुख्यधारा की राजनीति से नहीं जुड़े हैं इसलिए उनकी बात को विपक्ष का आइडिया नहीं मानना चाहिए। लेकिन अब धीरे धीरे विपक्ष की पार्टियां इसको अपना आइडिया बना रही हैं। मुंबई के शिवाजी पार्क मेंअपनी शिव सेना की सालाना रैली में उद्धव ठाकरे ने बहुत जोर देकर कहा कि श्हां, रिजीम चेंज करना ही उद्देश्य हैय। इसी तरह उतने ही जोरदार अंदाज में आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि श्कोई लाग लपेट नहीं है, रिजीम चेंज करना हैय। कांग्रेस ने जरूर इस तरह की बात नहीं कही है लेकिन मुख्यधारा की राजनीतिक पार्टियां अब खुल कर शरिजीम चेंजय की बात कर रही हैं।इसलिए यह सवाल है कि उनके पास क्या वैकल्पिक विचार हैं? जिन मुद्दों को लेकर प्रदर्शन हो रहे हैं उन मुद्दों पर ही क्या उन्होंने अपना वैकल्पिक मॉडल पेश किया है? क्या उन्होंने बताया है कि अगर शरिजीम चेंजय करने में कामयाबी मिल जाती है और उनका शरिजीमय आ जाता है तो वे इन मुद्दों पर क्या करेंगे? हालांकि हर बार यह जरूरी नहीं होता है कि सत्ता का विरोध करने वाली पार्टियां या संगठन अपना वैकल्पिक मॉडल पेश करें। भारत में तो खासतौर से ऐसा नहीं होता है। जनता जब सरकारोंका विरोध करती है तो यह नहीं देखती है कि अगर इनको हटा दिया तो कौन आएगा। यह एक गलत धारणा है कि कोई अच्छा विकल्प नहीं है इसलिए लोग नरेंद्र मोदी को चुन रहे हैं। अच्छा विकल्प तो अटल बिहारी वाजपेयी के मुकाबले भी नहीं था लेकिन लोगों ने उनको हरा दिया था। नरसिंह राव के मुकाबले भी अच्छा विकल्प नहीं था और इमरजेंसी के समय हुए चुनाव में इंदिरा गांधी के मुकाबले तो कोई विकल्प ही नहीं था। फिर भी लोगों ने कांग्रेस और इंदिरा गांधी दोनों को हराया। राजीव गांधी को भी वीपी सिंह के नेतृत्व वाले जनता दल ने हराया तो ऐसा नहीं था कि वीपी सिंह ने शासन और राजकाज का कोई वैकल्पिक मॉडल पेश किया था। नरेंद्र मोदी भी 2014 में जीते तो एक बहुत अस्पष्ट सा गुजरात मॉडल पेश किया गया था। लेकिन जिन मसलों पर जनता नाराज थी, हर उस मसले पर कोई वैकल्पिक विचार या मॉडल नहीं पेश किया गया था।

कहने का मतलब है कि चुनाव लोकप्रिय धारणा, आम मतदाता के गुस्से और लोक लुभावन नारों पर जीता जाता है। इसलिए कह सकते हैं कि अभी सिर्फ शरिजीम चेंजय की बात हो और किसी वैकल्पिक मॉडल की बात नहीं करनी चाहिए। इसके बावजूद वैकल्पिक मॉडल की जरुरत बताई जा रही है तो उसका कारण यह है कि पहले के मुकाबले समय बहुत बदल गया है। जिस श्जेन जीय की नाराजगी को दिशा देकर विपक्ष चुनाव जीतने की उम्मीद कर रहा है वह अपने भविष्य को लेकर निराश है तो उसे अपने साथ लाने के लिए आशा की किरण दिखानी होगी। उसे बताना होगा कि अगर वह अपनी नाराजगी और निराशा को वोट के जरिए प्रकट करता है तो उसके बदले में क्या मिलेगा। अगर देश का युवा और छात्र पेपर लीक और परीक्षा में गड़बड़ी से परेशान हैं तो विपक्ष की सरकार आने पर इन मामलों में क्या किया जाएगा यह युवाओं व छात्रों को बताना होगा। विपक्ष के पास उन गड़बड़ियों को दूर करने का क्या उपाय है और वह अभी की सरकार द्वारा किए जा रहे उपायों से कैसे भिन्न है, यह भी बताना होगा। मौजूदा सरकार ने नंदन नीलेकणी की अध्यक्षता में एक कमेटी बनाई है, जिसकी संभावित सिफारिशों के बारे में खबरें आने लगी हैं। विपक्ष के उपाय क्या उससे भिन्न होंगे? इसी तरह अगर इस समय देश गहरे आर्थिक संकट में फंसा दिख रहा है, जिसके वैश्विक और घरेलू दोनों कारण हैं तो उस संकट से निकालने का विपक्ष के पास क्या फॉर्मूला है?

कैसे भारत में निवेश बढ़ेगा, विदेशी निवेशकों का शेयर बाजार से पैसा निकालना कैसे रूकेगा, रुपए की गिरावट कैसे थमेगी, रोजगार कैसे बढ़ेगा, लोगों की आय कैसे बढ़ेगी, क्या इसका कोई प्लान विपक्ष के पास है? विपक्ष के नेता मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के लिए बनाए गए कानून का विरोध कर रहे हैं।

रेल नेटवर्क के विस्तार से बदल रही छत्तीसगढ़ की कनेक्टिविटी

छत्तीसगढ़ में आधारभूत रेल अधोसंरचना का तेजी से विकास हो रहा है, जिसका लाभ प्रदेश के प्रत्येक क्षेत्र और प्रत्येक नागरिक तक पहुंच रहा है। आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित रेलवे स्टेशनों के विकसित होने से यात्रियों को अधिक सुरक्षित, सुगम और सुविधाजनक यात्रा का अनुभव मिलेगा। बेहतर प्रतीक्षालय, दिव्यांगजन अनुकूल सुविधाएं, स्वच्छ परिसर, आधुनिक यात्री सुविधाएं तथा उन्नत अधोसंरचना से आम नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण रेल सेवाएं उपलब्ध होंगी।

प्रदेश में 51 हजार 80 करोड़ रुपये की रेल परियोजनाओं पर काम जारी

देश के प्रमुख औद्योगिक और खनिज उत्पादक राज्यों में शामिल छत्तीसगढ़ में रेलवे नेटवर्क का विस्तार अब राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स और क्षेत्रीय कनेक्टिविटी की जरूरतों से जुड़ रहा है। वर्तमान में प्रदेश में 51,080 करोड़ रुपये की रेल परियोजनाओं पर काम चल रहा है। छत्तीसगढ़ मध्य भारत का महत्वपूर्ण औद्योगिक एवं लॉजिस्टिक्स केंद्र है। ऐसे में मजबूत रेल नेटवर्क प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई गति देगा। रेलवे के विकास से उद्योगों की परिवहन लागत कम होगी, निवेश को प्रोत्साहन मिलेगा, ऊर्जा क्षेत्र को मजबूती मिलेगी, किसानों को बेहतर बाजार उपलब्ध होंगे तथा युवाओं के लिए रोजगार और उद्यमिता के नए अवसर सृजित होंगे।

मुख्यमंत्री श्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा कि डबल इंजन सरकार के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में रेल अधोसंरचना का अभूतपूर्व विस्तार हो रहा है। प्रदेश में नई रेल परियोजनाओं, दोहरीकरण, विद्युतीकरण तथा आधुनिक रेलवे सुविधाओं के विस्तार से विकास को नई दिशा मिल रही है। यह परिवर्तन विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण के संकल्प को और अधिक मजबूत करेगा। केंद्र और राज्य सरकार के समन्वित प्रयास से छत्तीसगढ़ में रेल इन्फ्रास्ट्रक्चर के विस्तार पर जोर दिया जा रहा है। केंद्र सरकार ने वित्त वर्ष 2026–27 के लिए राज्य के रेलवे बजट का आवंटन बढ़ाकर 7,470 करोड़ रुपये कर दिया है जो वर्ष 2009–14 के दौरान औसतन 311 करोड़ रुपये सालाना था। इस तरह वार्षिक औसत आवंटन में करीब 24 गुना वृद्धि हुई है। इस निवेश का प्रमुख उद्देश्य व्यस्त रेल मार्गों पर दबाव कम करना, खनिज और औद्योगिक माल की आवाजाही बढ़ाना तथा उन क्षेत्रों तक रेल संपर्क पहुंचाना है, जहां अब तक कनेक्टिविटी सीमित रही है।

राष्ट्रीय माल ढुलाई को मिलेगा वैकल्पिक रेल मार्ग

छत्तीसगढ़ की रेल रणनीति में खारसिया–नया रायपुर–परमलकसा रेल कॉरिडोर महत्वपूर्ण है। करीब 278 किलोमीटर लंबे इस मार्ग को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अप्रैल 2025 में मंजूर दी थी। तब इस परियोजना की लागत 8,741 करोड़ रुपये अनुमानित थी। बाद में इसमें संशोधन किया गया और इसकी अनुमानित लागत 7,854 करोड़ रुपये कर दी गई। इस परियोजना का उद्देश्य बिलासपुर, रायपुर और दुर्ग के व्यस्त रेल खंडों को बाईपास कर माल और यात्री ट्रेनों के लिए अतिरिक्त रेल लाईन बिछाना है। इस कॉरिडोर से कोलकाता–मुंबई रेल मार्ग पर परिचालन का दबाव कम करने और बलौदाबाजार सहित नए औद्योगिक क्षेत्रों को बेहतर रेल संपर्क देने की योजना है। इससे कोयला, लौह अयस्क, इस्पात, सीमेंट और बिजली उत्पादन से जुड़े उद्योगों के लिए माल ढुलाई की क्षमता बढ़ेगी और सड़क मार्ग पर निर्भरता कम करने में मदद मिलेगी।साथ ही, मालगाड़ियों की आवाजाही सुगम होने से औद्योगिक इकाइयों को बाजारों तथा बंदरगाहों तक आसानी से पहुंचने में मदद मिलेगी।

बस्तर की कनेक्टिविटी होगी मजबूत

रेल नेटवर्क के विस्तार का दूसरा महत्वपूर्ण पहलू बस्तर की कनेक्टिविटी है। रावघाट–जगदलपुर (140 किमी)की महत्वपूर्ण रेल लाइन के लिए भूमि अधिग्रहण पूरा हो चुका है। जबकि किरंदुल–कोत्तागुडेम (180 किमी) तथा गढ़चिरौली–बीजापुर–किरंदुल (बचेली) की 490 किलोमीटर नई रेल लाइन परियोजना का सर्वे कार्य प्रगति पर। दल्लीराजहरा–रावघाट रेल परियोजना के तहत दल्लीराजहरा से अंतागढ़ (77 किमी) तक रेल सेवाएं शुरू हो चुकी हैं। इस रेलखंड पर यात्री रेल सेवा प्रारंभ होने से हजारों ग्रामीण पहली बार रेल नेटवर्क से जुड़े हैं। इस परियोजना के अगले चरण में रावघाट तक संपर्क विकसित करने का काम चल रहा है। परियोजना पूरी होने पर रावघाट की लौह अयस्क खदानें सीधे भिलाई इस्पात संयंत्र से जुड़ जाएंगी, जिससे उद्योगों और स्थानीय अर्थव्यवस्था दोनों को नई मजबूती मिलेगी। वहीं कोत्तावलसा–किरंदुल रेल लाइन के दोहरीकरण से बस्तर क्षेत्र में माल एवं यात्री परिवहन की क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

कटघोरा से डोंगरगढ़ तक नए संपर्क की योजना

प्रस्तावित कटघोरा–डोंगरगढ़ रेल लाइन की लंबाई करीब 295 किलोमीटर है। यह मार्ग कटघोरा से करतला, मुंगेली, कवर्धा और खैरागढ़ होते हुए डोंगरगढ़ तक प्रस्तावित है। परियोजना को रेल मंत्रालय और छत्तीसगढ़ सरकार के संयुक्त उपक्रम के माध्यम से विकसित करने की योजना है। इसके लिए स्पेशल परपज व्हीकल (एसपीवी) गठित करने का प्रस्ताव है। इस रेल लाइन का महत्व उन क्षेत्रों को रेल नेटवर्क से जोड़ने में है, जहां अभी रेल सुविधा उपलब्ध नहीं है या सीमित है। इससे यात्रियों की आवाजाही, कृषि उत्पादों के परिवहन, व्यापार और पर्यटन को बढ़ावा मिलने की संभावना है।

उत्तर छत्तीसगढ़ के लिए भी नई परियोजनाएं

सरडेगा–पत्थलगांव–अंबिकापुर (244 किलोमीटर), धरमजयगढ़–पत्थलगांव–लोहरदगा (301 किलोमीटर) और अंबिकापुर–बरवाडीह (200 किलोमीटर) रेल कॉरिडोर को भी रेल मंत्रालय द्वारा जल्दी ही मंजूर किए जाने की संभावना है। अगस्त 2026 में इन प्रस्तावों पर जल्दी निर्णय और सर्वेक्षण की प्रक्रिया तेज करने का मुद्दा उठाया गया था। इन परियोजनाओं से उत्तर छत्तीसगढ़ सहित सीमावर्ती क्षेत्रों की रेल संपर्क व्यवस्था मजबूती होगी तथा व्यापार, पर्यटन, खनिज परिवहन और स्थानीय रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।

स्टेशनों का आधुनिकीकरण

छत्तीसगढ़ में नई रेल लाइनों के साथ मौजूदा नेटवर्क और स्टेशनों को आधुनिक बनाने पर भी काम किया जा रहा है। राज्य सरकार के अनुसार, अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत छत्तीसगढ़ के 32 रेलवे स्टेशनों को करीब 1,680 करोड़ रुपये की लागत से विकसित किया जा रहा है। इन परियोजनाओं का उद्देश्य यात्रियों के लिए सुविधाएं बेहतर करना और स्टेशन परिसरों को अधिक व्यवस्थित बनाना है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में रेल अधोसंरचना का व्यापक आधुनिकीकरण हो रहा है और इसका प्रत्यक्ष लाभ छत्तीसगढ़ को भी मिल रहा है। अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ के चांपा, बालोद एवं सरोना रेलवे स्टेशनों का प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्चुअल लोकार्पण प्रदेश के रेल विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने इस जनहितकारी पहल के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी तथा केंद्रीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव के प्रति आभार व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा कि रेलवे केवल आवागमन का माध्यम नहीं, बल्कि आर्थिक और सामाजिक विकास का सशक्त आधार है। चांपा, बालोद और सरोना जैसे महत्वपूर्ण स्टेशनों के उन्नयन से व्यापार, पर्यटन, स्थानीय अर्थव्यवस्था तथा क्षेत्रीय विकास को नई गति मिलेगी। इससे लोगों के लिए आवागमन अधिक सुगम होगा और रोजगार एवं आर्थिक गतिविधियों को भी प्रोत्साहन मिलेगा।

प्रधानमंत्री आवास योजना सामाजिक एवं आर्थिक परिवर्तन की अद्भुत मिसाल...

डॉ. उषा किरण
संयुक्त संचालक, जनसम्पर्क

ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में प्रधानमंत्री आवास योजना का दिखाई दे रहा कारगर असरप्रधानमंत्री आवास योजना सामाजिक एवं आर्थिक परिवर्तन की अद्भुत मिसाल है। परिवर्तन की यह बयार ग्रामीण क्षेत्रों में आमूलचूल बदलाव लेकर आ रही है। इन दिनों ग्रामीण क्षेत्रों में दूर दराज क्षेत्रों तक पक्के आवास दिखाई देने लगे हैं और व्यापक पैमाने पर प्रधानमंत्री आवास योजना का कारगर असर दिखाई दे रहा है। ऐसे परिवर्तन के बहुत मायने हैं। यह योजना गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों के लिए उम्मीद है, राहत है, रोशनी और खुशी है। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का आवास मिलने पर जनमानस के जीवन स्तर का उन्नयन हुआ है और उनकी आर्थिक स्थिति भी मजबूत बनी है। राज्य में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रधानमंत्री आवास योजना के बेहतरीन क्रियान्वयन करने के लिए शिद्दत से कोशिश की गई है। जिंदगी भर अपने पक्के आवास का सपना देखने वाले गरीब एवं जरूरतमंद परिवार थोड़ी–थोड़ी बचत करते हैं लेकिन फिर भी अपना पक्का घर बनाने की हिम्मत नहीं जुटा पाते हैं। ऐसे में जब उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना का संबल मिला तो उन्हें अपने घर के सपने को पूरा करने का हौसला मिला है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की लोकहितैषी योजनाओं से जनसामान्य को बुनियादी सुविधाएं मिल रही हैं। पक्का आवास मिलने पर जनसामान्य को सुरक्षित, सुविधाजनक एवं सम्मानजनक जीवन जीने का आधार मिला है।

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण)

प्रथम कैबिनेट में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत 18 लाख 12 हजार जरूरतमंद परिवारों को पीएम आवास देने को निर्णय लिया ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में प्रधानमंत्री आवास योजना का दिखाई दे रहा कारगर असरगया। अब तक 26 लाख से अधिक आवास स्वीकृत हुए है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत 11 लाख 78 हजार आवासों का निर्माण पूर्ण किया गया है। आत्मसमर्पित नक्सल और नक्सल पीड़ितों के लिए विशेष परियोजना से 15000 आवासों की स्वीकृति केंद्र शासन से मिली। जिनमें से राज्य में 5600 आवास स्वीकृत हुए। मुख्यमंत्री आवास योजना के अतंर्गत 47 हजार हितग्राहियों के लिए आवास स्वीकृत किए गए थे। नवीन सरकार गठन के बाद इस श्रेणी के 39000 आवास स्वीकृत किए गये। जिसमें 24000 आवास पूर्ण हो चुके हैं।

वर्ष 2024 का नया सर्वे

– वर्ष 2024 में आवास प्लस 2.0 का नया सर्वे किया गया। 11 सितंबर 2026 को भारत सरकार से छत्तीसगढ़ को करीब 3.65 लाख नए आवासों का लक्ष्य मिला है।

ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में प्रधानमंत्री आवास योजना का दिखाई दे रहा कारगर असर

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी)

प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी अतंर्गत 2 लाख 43 हजार स्वीकृत आवासों में से 2 लाख 22 हजार आवास पूर्ण हुए हैं। जिनमें से पूर्ण आवासों में बीएलसी घटक के 1,93,175 आवास एवं पूर्ण आवासों में एएचपी घटक के 29,267 आवास हैं।

चपिछले ढाई वर्षों में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी अंतर्गत राज्य की प्रगति

बीएलसी घटक के अतंर्गत 75,709 आवास पूर्ण किए गए। वहीं एएचपी घटक के 13,082 आवास पूर्ण हुए हैं। जिनमें से एएचपी घटक में 14,687 हितग्राहियों को आवास आबंटित किया गया है। एएचपी घटक में 12,530 हितग्राहियों का पूर्ण आवासों में व्यवस्थापन किया गया है। आवास निर्माण हेतु नगरीय निकायों को 909 करोड़ रूपए की राशि जारी की गई है। प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 (शहरी) के तहत क्षेत्रों में 1.32 लाख आवासों के निर्माण का लक्ष्य रखा गया है।

चप्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0य

प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी अतंर्गत सभी शहरों में डोर–टू–डोर सर्वे अभियान निरंतर जारी है। इसके लिए तकनीक आधारित सर्वे और तेज स्वीकृति प्रक्रिया के अनुरूप कार्य किया जा रहा है। चप्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0य अतंर्गत 71,416 आवास स्वीकृत हुए हैं, जिनमें से 4,129 आवास पूर्ण हुए हैं, वहीं 25,165 आवास निर्माणाधीन हैं। इसके लिए नगरी निकायों को 533.93 करोड़ की राशि जारी की गई है।

ग्रामीण क्षेत्रों में जनसामान्य वर्षों से कच्चे और जर्जर मकानों में जीवन व्यतीत करते रहे हैं। बारिश के दिनों में विभिन्न तरह की कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। टपकती छत, दीवारों में सीलन, गर्मी और ठंड से बचाव की कठिनाइयां तथा असुरक्षित आवास जैसी समस्याएं रही हैं। ऐसे परिवारों के लिए पक्का मकान केवल एक सुविधा नहीं, बल्कि जीवन में स्थायी बदलाव का माध्यम है। बुनियादी सुविधाएं सामाजिक आर्थिक परिवर्तन लेकर आ रही हैं। शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत जनसामान्य को स्वच्छ पेयजल, राशन, गैस चूल्हा व सिलेंडर, बिजली, शौचालय, जैसी अन्य सुविधाएं मिलने पर आवास की महत्ता एवं उपयोगिता बढ़ जाती है एवं जीवन स्तर में उन्नयन विकास की दिशा में अग्रसर है।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में डिजिटल प्रशासन की मजबूत पहल 38 विभागों की 939 सेवाएं एक मंच पर

डॉ ओम डहरिया सहायक जनसंपर्क अधिकारी

छत्तीसगढ़ में सुशासन को सरल, पारदर्शी और जनसुलभ बनाने की दिशा में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा सेवा सेतु का संचालन किया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य आम नागरिकों को शासकीय सेवाओं के लिए कार्यालयों के अनावश्यक चक्कर लगाने की परेशानी से मुक्ति दिलाना और सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं को आमजन की पहुंच में लाना है। डिजिटल तकनीक के माध्यम से शासन और जनता के बीच की दूरी कम करने वाली यह व्यवस्था नागरिक–केंद्रित प्रशासन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। सेवा सेतु के माध्यम से प्रदेश में 38 विभागों की 939 सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इन सेवाओं के संचालन के लिए 16 हजार 773 सेवा केंद्रों का नेटवर्क तैयार किया गया है। अब तक सेवा सेतु में ऑनलाइन प्राप्त 55 लाख 13 हजार 672 आवेदनों पर कार्यवाही जारी है। इस व्यवस्था से 21 हजार 582 अधिकारी–कर्मचारी ऑनबोर्ड होकर सेवाओं के संचालन में अपनी भूमिका निभा रहे हैं। ये आंकड़े प्रदेश में डिजिटल माध्यम से नागरिक सेवाओं को व्यापक स्तर पर उपलब्ध कराने के प्रयासों को दर्शाते हैं। सेवा सेतु की प्रमुख विशेषता यह है कि नागरिकों को अनेक आवश्यक शासकीय सेवाओं के लिए एक ही मंच उपलब्ध कराया जा रहा है। आय, जाति और निवास प्रमाण पत्र, विवाह पंजीयन तथा गुमास्ता लाइसेंस सहित विभिन्न सेवाओं के लिए इस व्यवस्था के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। इससे नागरिकों को अलग–अलग कार्यालयों में जाने की आवश्यकता कम होती है और आवेदन प्रक्रिया अधिक सुविधाजनक बनती जा रही है। विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों और दूरस्थ वनांचलों में रहने वाले नागरिकों के लिए यह व्यवस्था उपयोगी साबित हो सकती है, जहां छोटी–छोटी शासकीय प्रक्रियाओं के लिए भी लोगों को लंबी दूरी तय करनी पड़ती है।

सेवा सेतु का उद्देश्य केवल ऑनलाइन आवेदन की सुविधा उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि शासकीय सेवाओं के वितरण को अधिक व्यवस्थित और जवाबदेही बनाना भी है। डिजिटल प्रक्रिया के माध्यम से आवेदनों की स्थिति पर नजर रखने, संबंधित अधिकारियों तक आवेदन पहुंचाने और सेवाओं के क्रियान्वयन को व्यवस्थित करने में सहायता मिलती है। इससे प्रशासनिक प्रक्रियाओं में पारदर्शिता बढ़ाने और नागरिकों को समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में मजबूती मिलती है। राज्य सरकार की यह पहल डिजिटल सुविधाओं को आम नागरिकों तक पहुंचाने के साथ–साथ तकनीक के उपयोग को जनहित से जोड़ती है। सेवा केंद्रों के माध्यम से उन नागरिकों को भी आवेदन करने में सहायता मिल सकती है, जिन्हें ऑनलाइन प्रक्रियाओं की जानकारी या मार्गदर्शन की आवश्यकता होती है। इस प्रकार डिजिटल प्लेटफॉर्म और सेवा केंद्रों का समन्वय नागरिकों के लिए सरकारी सेवाओं को अधिक सुलभ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार का प्रयास है कि सरकारी सेवाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए नागरिकों को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े। सेवा सेतु इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए शासन की प्रक्रियाओंको सरल बनाने, सेवाओं की पहुंच बढ़ाने और प्रशासन को अधिक नागरिक–केंद्रित बनाने का माध्यम बन रहा है।

सैफई UPUMS के ट्रॉमा सेंटर में नया बिलिंग और एडमिशन काउंटर शुरू



लोक हस्तक्षेप संवाददाता

इटावा। उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय (यूपीयूएमएस), सैफई में मरीजों को बेहतर, सुलभ एवं सुविधाजनक चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण पहल की गई। विश्वविद्यालय के ट्रॉमा सेंटर के द्वितीय तल पर नए बिलिंग एवं एडमिशन काउंटर का उद्घाटन माननीय कुलपति प्रो. (डॉ.) अजय सिंह द्वारा किया गया। इस नए काउंटर की स्थापना का मुख्य उद्देश्य मरीजों एवं उनके तीमारदारों को बिलिंग और भर्ती संबंधी प्रक्रियाओं में सुविधा प्रदान करना, लंबी कतारों को कम करना तथा प्रतीक्षा समय में कमी लाना है। विशेष रूप से ट्रॉमा सेंटर के वार्डों एवं ऑपरेशन थिएटर में भर्ती होने वाले मरीजों के साथ–साथ निकटवर्ती प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग में आने वाले मरीजों को भी इसका लाभ मिलेगा।

यूपीयूएमएस सैफई में इटावा सहित आसपास के अनेक ग्रामीण क्षेत्रों से मरीज उपचार के लिए आते हैं। ऐसे मरीजों एवं उनके परिजनों को अस्पताल की विभिन्न प्रक्रियाओं को पूरा करने में समय और संसाधन खर्च करने पड़ते हैं। नए बिलिंग एवं एडमिशन काउंटर से भर्ती और बिलिंग संबंधी कार्य अधिक सुगमता से किए जा सकेंगे। इससे दूरदराज के गांवों से आने वाले मरीजों एवं उनके तीमारदारों को अनावश्यक प्रतीक्षा और बार–बार विभिन्न काउंटरों पर जाने की परेशानी से राहत मिलने की उम्मीद है। विशेष रूप से आपातकालीन परिस्थितियों में मरीजों के परिजनों के लिए यह व्यवस्था सहायक सिद्ध होगी।

नया काउंटर अस्पताल में मरीजों की बढ़ती आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सेवाओं के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे ट्रॉमा सेंटर में भर्ती होने वाले मरीजों, ऑपरेशन थिएटर से संबंधित सेवाएं प्राप्त करने वाले मरीजों तथा निकटवर्ती प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग के मरीजों को सुविधा मिलेगी। अतिरिक्त काउंटर उपलब्ध होने से बिलिंग एवं भर्ती संबंधी कार्यों का बेहतर प्रबंधन करने और मरीजों की आवाजाही को अधिक व्यवस्थित बनाने में सहायता मिलेगी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय प्रशासन ने मरीजों की सुविधा, संतुष्टि और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाओं को प्राथमिकता देते हुए अस्पताल की व्यवस्थाओं को निरंतर बेहतर बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई।

यूपीयूएमएस, सैफई का यह प्रयास मरीज–केंद्रित स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने तथा ग्रामीण एवं दूरदराज के क्षेत्रों से आने वाले मरीजों को अधिक सुविधाजनक चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण है।

मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम का कांग्रेसियों ने किया निरीक्षण, लोगों को किया जागरूक

लोक हस्तक्षेप संवाददाता

सलेमपुर,देवरिया। मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत आज कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विभिन्न बूथों का निरीक्षण कर मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य की जानकारी ली। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने मौके पर मौजूद बीएलओ से सूची में नाम जुड़वाने, नाम में संशोधन कराने तथा मृत या स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटाने की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

इस दौरान जिला उपाध्यक्ष डॉ धर्मेन्द्र पांडेय ने ग्रामीणों और स्थानीय लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में दर्ज होना जरूरी है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे मतदाता सूची में अपना नाम, पता और अन्य विवरण जांच लें तथा किसी प्रकार की त्रुटि मिलने पर निर्धारित प्रक्रिया के तहत सुधार के लिए आवेदन करें। कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग प्रदेश सचिव दीनदयाल प्रसाद ने विशेष रूप से पहली बार मतदान करने वाले युवाओं को मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने के लिए प्रेरित किया।

साथ ही लोगों को लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी के लिए जागरूक किया। युवा कांग्रेस सोशल मीडिया के प्रदेश संयोजक सत्यम पांडेय ने ने कहा कि मतदाता सूची में किसी भी पात्र व्यक्ति का नाम छूटना नहीं चाहिए और सभी नागरिकों को अपने मताधिकार के प्रति जागरूक रहना चाहिए।

निरीक्षण के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बूथ स्तर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।इस दौरान आनंद शंकर, शिवशंकर गौतम, गोविंद मिश्र, मोहन प्रसाद,मोहित पांडेय, घूरा पाल, बबलू कुमार, अशोक कुमार आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

विशुनपुर कला में 202 दिव्यांगों और वृद्धजनों का चिन्हांकन

उपकरण वितरण के लिए लगाया गया शिविर, रविवार को भी जारी रहेगी प्रक्रिया

लोक हस्तक्षेप संवाददाता

देवरिया। रामपुर कारखाना विधायक सुरेंद्र चौरसिया के विशेष प्रयास से शनिवार को विशुनपुर कला में दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग और एलिम्को कानपुर की ओर से शिविर आयोजित किया गया। इसमें 202 दिव्यांगजनों और वृद्धजनों का विभिन्न सहायक उपकरणों के वितरण के लिए चिन्हांकन किया गया।

शिविर में ट्राईसाइकिल, मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल, कान की मशीन, छड़ी, बैसाखी और कृत्रिम अंग सहित अन्य उपकरणों के लिए लाभार्थियों का चयन किया गया। चिन्हांकन की प्रक्रिया रविवार को भी जारी रहेगी।

आयोजकों ने पात्र दिव्यांगजनों और वृद्धजनों से शिविर में पहुंचकर योजना का लाभ उठाने की अपील की है।

शिविर में आने वाले लाभार्थी अपने साथ दिव्यांगता प्रमाणपत्र (जहां लागू हो), आधार कार्ड, आय प्रमाणपत्र और फोटो अवश्य लेकर आएं, ताकि चिन्हांकन की प्रक्रिया सुचारु रूप से पूरी की जा सके।

बाइक फिसलने से दंपती और एक वर्षीय बेटा घायल

लोक हस्तक्षेप संवाददाता

महेवा(इटावा) । बकेवर थाना क्षेत्र के बहेड़ा के पास बाइक फिसलने से दंपती और उनका एक वर्षीय बेटा घायल हो गया। तीनों को उपचार के लिए महेवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। मां ने गिरते समय बच्चे को गोद से नहीं छोड़ा, जिससे बच्चे को मामूली चोटें आईं। वहीं, महिला की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

जानकारी के अनुसार, ग्राम ढकाताल निवासी शेष कुमार अपनी पत्नी अर्चना देवी के साथ एक वर्षीय बेटे दिव्यांश को अहेरीपुर दवा दिलाकर बाइक से घर लौट रहे थे। बहेड़ा के पास अचानक बाइक फिसल गई, जिससे तीनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने उन्हें महेवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद अर्चना देवी की गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

लार में 26 अक्टूबर को श्रद्धांजलि सभा व चेक वितरण समारोह

लोक हस्तक्षेप संवाददाता सलेमपुर, देवरिया। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर हुए भीषण हादसे में जनपद के चार होनहार खिलाड़ियों की असामयिक मृत्यु पर 26 अक्टूबर को लार में श्रद्धांजलि सभा एवं चेक वितरण समारोह आयोजित होगा। समाजवादी पार्टी के नेता एवं पूर्व विधायक मनबोध प्रसाद के अनुरोध पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पीड़ित परिवारों के लिए सहायता राशि स्वीकृत की है। कार्यक्रम दोपहर 12 बजे बाईपास रोड स्थित रेशमा मैरेज हॉल में होगा। आयोजक मनबोध प्रसाद ने सपा के जिला पदाधिकारियों, सांसदों, विधायकों, पूर्व जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ नेताओं, बूथ, सेक्टर व जोन प्रभारियों तथा कार्यकर्ताओं से समय पर पहुंचकर दिवंगत खिलाड़ियों को श्रद्धांजलि अर्पित करने की अपील की है।

अज्ञात शव की परिजनों ने की पहचान

लोक हस्तक्षेप संवाददाता महेवा(इटावा)। गत 20 अक्टूबर मंगलवार को थाना बकेवर क्षेत्र के ग्राम सुनवर्षा के निकट हाइवे पर मिले अज्ञात शव की पहचान शनिवार को परिजनों द्वारा रक्तदाता समूह के सहयोग से सोशल मीडिया एवं पुलिस की सक्रियता से की गई मृतक की बहन शिवांगी तथा पिता रमेश द्वारा की गई । विदित हो कि गत 20 अक्टूबर को ग्राम सुनवर्षा के निकट एक अज्ञात युवक का शव मिला था जिसका पोस्टमार्टम अज्ञात में किया गया था। रक्तदाता समूह इटावा के द्वारा जब गहनता से मृतक की जेब देखी गई तो उसके घर का नंबर मिला तो बहन शिवांगी ने बताया कि भाई अंकुश चक्रवर्ती उम्र 38 वर्ष पुत्र रमेश चक्रवर्ती है। उक्त युवक जनपद कानपुर देहात के राजपुर थाना क्षेत्र के शिवाली गांव का निवासी है शव की पहचान होने के बाद परिजन देर शाम तक इटावा शवदाह गृह पर पहुंच चुके थे वहीं थाना पुलिस ने राहत की साँस ली।

रावण दहन के साथ विशाल मेले का आयोजन आज

लोक हस्तक्षेप संवाददाता

महेवा(इटावा)। स्थानीय कस्बा महेवा में आयोजित पंद्रह दिवसीय रामलीला में रविवार को रावण दहन के साथ विशाल मेले का आयोजन होगा तथा तीन दिवस तक मेला रहेगा ।

रामलीला कमेटी के संयोजक विजय तिवारी ने बताया कि पंद्रह दिवसीय रामलीला के समापन पर रविवार को रावण दहन होगा तथा मेले का शुभारंभ होगा हालांकि आसपास के कस्बों से आकर दुकानदारों ने मेले के लिए शनिवार को ही निश्चित जगहों पर दुकानें लगानी शुरू कर दी तथा आसमानी झूले आदि भी लगने शुरू हो गए ।

विशेष मतदाता पंजीकरण कैंप का आयोजन

□ लोकमान्य रूरल इंटर कॉलेज, महेवा, इटावा में विशेष मतदाता पंजीकरण कैंप आयोजित

लोक हस्तक्षेप संवाददाता

महेवा(इटावा)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जनवरी 2027 में 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवाओं एवं नए मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने के उद्देश्य से आज लोकमान्य रूरल इंटर कॉलेज महेवा, इटावा में विशेष मतदाता पंजीकरण कैंप का आयोजन किया गया।

कैंप के दौरान बूथ संख्या 275, 276, 277 एवं 278 पर बीएलओ के रूप में सुधा पांडेय , शिव शंकर यादव, सर्वेश कुमारी एवं संजीव कुमार तिवारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर पदाभिहित अधिकारी पीयूष कश्यप एवं सुपरवाइजर अरुण कुमार भी मौजूद रहे। नए मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने के लिए फॉर्म 6 भरे गए। जिसमें बूथ संख्या 276 पर 6, 277 पर 5, 278 पर 5 फॉर्म 6 भरे गए एवं बूथ संख्या 275 पर 1फॉर्म 8 भरा गया वहीं कुछ लोगों ने संशोधन फार्म भी भरा ।

बूथ संख्या 276 पर सूची देखते भाजपा नेता शिवमहेश दुबे

महेवा में बी एल ओ को वोट बनाने हेतु फार्म सुपुर्द करते विधायक राघवेंद्र गौतम

'सपा विधायक ने किया मतदान केंद्रों का दौरा '

सपा विधायक राघवेंद्र दोहरे ने अपने समर्थकों के साथ महेवा क्षेत्र के दर्जनों केंद्रों का दौरा किया तथा नए मतदाताओं के फार्म भरभरवाकर बी एल ओ को दिए इस दौरान, यतींद्र दोहरे, हरगोविंद सिंह, जीतू ठाकुर आदि मौजूद रहे ।

भाजपा नेता शिवमहेश दुबे ने भी बूथ पर पहुंचकर कैंप का जायजा लिया एवं चारों बूथों की सूचियों का अवलोकन कर नए मतदाताओं को फार्म भरने के लिए प्रेरित किया ।

इस विशेष अभियान का उद्देश्य पात्र युवाओं को मतदाता सूची में शामिल कर लोकतांत्रिक प्रक्रिया में उनकी भागीदारी सुनिश्चित कराना है।

मुख्य सेविका सीटू शर्मा ने बाल विकास परियोजना महेवा में दिया योगदान आख्या

लोक हस्तक्षेप संवाददाता

महेवा(इटावा)। बाल विकास परियोजना महेवा में शनिवार को मुख्य सेविका सीटू शर्मा ने पहुंचकर बाल विकास परियोजना अधिकारी मनोरमा पाण्डेय को अपनी योगदान आख्या प्रस्तुत की। इस दौरान विभागीय औपचारिकताएं पूरी की गईं।

मुख्य सेविका सीटू शर्मा के परियोजना में योगदान देने से विभागीय कार्यों को गति मिलने की उम्मीद है। बाल विकास विभाग के अंतर्गत संचालित योजनाओं को पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाने, आंगनबाड़ी केंद्रों की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने तथा शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने में मुख्य सेविका की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। मुख्य सेविका सीटू शर्मा ने कहा, "मैं अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निर्वहन करूंगी। आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन, बच्चों के पोषण एवं स्वास्थ्य तथा महिलाओं और बच्चों के हित में संचालित विभागीय योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू कराने के लिए पूरा प्रयास करूंगी।"

बाल विकास परियोजना अधिकारी मनोरमा पाण्डेय को योगदान आख्या सौंपने के बाद मुख्य सेविका ने विभागीय कार्यों को जिम्मेदारी के साथ आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता जताई।

कबाड़ गोदाम में लगी आग,कबाड़ जलकर राख

बस्ती,सवांददाता। जिले के वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के रमवापुर माफी में शुक्रवार रात करीब 11.30 बजे एक कबाड़ गोदाम में आग लग गई। करीब 40 टन प्लास्टिक और अन्य कबाड़ जलकर राख हुआ। व्यापारी को आर्थिक नुकसान हुआ, जनहानि नहीं हुई। यह गोदाम बनगवा निवासी व्यापारी जगदीश चौधरी का है। शुक्रवार रात गोदाम से अचानक आग की लपटें उठने लगीं। ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी।

गौरी गांव में पशु आरोग्य मेले में 320 पशुओं का नि:शुल्क उपचार

लोक हस्तक्षेप संवाददाता

देवरिया। राजकीय पशु चिकित्सालय भागलपुर के नेतृत्व में ग्राम ठाकुर गौरी में पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष सुशील कुमार सिंह और ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ने गौ–पूजन कर मेले का शुभारंभ किया। पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. राम श्याम सिंह ने पशुपालकों को विभागीय योजनाओंकी जानकारी दी। उन्होंने टीकाकरण, कृत्रिम गर्भाधान और पशु बीमा योजनाओं के लाभ बताते हुए पशुओं के स्वास्थ्य एवं बेहतर देखभाल के प्रति जागरूक किया। मेले में कुल 320 पशुओं का निःशुल्क उपचार कर दवाएं वितरित की गईं। कार्यक्रम का संचालन पशु चिकित्सा अधिकारी लार डॉ. अमित कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर पशुधन प्रसार अधिकारी अखिलेश्वर श्रीवास्तव, फार्मासिस्ट ऋषिमुनि गुप्ता सहित पैरावेट स्टाफ मौजूद रहा।

स्वास्थ्य कर्मियों ने लोगों को संचारी रोगों के बारे में किया जागरूक

लोक हस्तक्षेप संवाददाता

महेवा (इटावा)। संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत गांव में घर घर जाकरसंचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत गांव में घर घर जाकर स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा दस्तक अभियान के तहत लोगों को संचारी रोगों के बारे में जागरूक किया गया । स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा दस्तक अभियान के तहत लोगों को संचारी रोगों के बारे में जागरूक किया गया । कार्यक्रम के बारे में अधीक्षक सी एच सी डॉ अभिषेक वर्मा ने बताया कि शनिवार को प्रत्येक गांव में आशा कार्यकत्रियों द्वारा घर घर जाकर लोगों को संचारी रोगों के बारे में जागरूक किया गया बी पी एम डॉ दिलीप अग्रहरि ने लोगों से साफ सफाई रखने तथा ताजा भोजन करने , गंदगी से दूर रहने आदि का आवाहन किया।

विशेष मतदाता शिविर से 25 नए नाम जुड़े

बस्ती,सवांददाता। विक्रमजोत ब्लॉक की रूपगढ़ ग्राम पंचायत में 24 अक्टूबर को एक खास मतदाता शिविर लगा। इस शिविर में 25 नए वोटरों के नाम जोड़ने के लिए फॉर्म–6 भरे गए। वहीं, 9 वोटरों ने नाम या पते में सुधार के लिए फॉर्म–8 जमा किए। यह शिविर बूथ नंबर 342 और 343 पर लगा था। मतदाता सूची में नाम जुड़वाने और सुधार करवाने को लेकर ग्रामीणों में काफी जोश दिखा। बूथ नंबर 342 के बीएलओ नौसाद अली और 343 की बीएलओ प्रियंका जायसवाल मौजूद थीं। उन्होंने आवेदकों के फॉर्म भरवाए और जरूरी कागज लिए। ग्रामीणों

वोट चोरी के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन,चुनाव आयुक्त का पुतला फूंका

बस्ती,सवांददाता। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर बस्ती जिला कांग्रेस कमेटी ने केंद्र सरकार और चुनाव आयोग के विरोध में प्रदर्शन किया। यह आंदोलन हर्रैया तहसील मुख्यालय और विक्रमजोत ब्लॉक परिसर में हुआ, जिसमें सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए। जिला अध्यक्ष विश्वनाथ चौधरी के नेतृत्व में हुए इस प्रदर्शन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की। हर्रैया में ब्लॉक अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह (एडवोकेट) ने अध्यक्षता की।

थाना समाधान दिवस का आयोजन

बहराइच,सवांददाता। जिले के सभी थानों में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय और पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने राजस्व विभाग की टीम के साथ कोतवाली नानपारा में समाधान दिवस की संयुक्त अध्यक्षता की। अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का निष्पक्ष, गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि प्रार्थना–पत्रों की नियमानुसार जांच कर शिकायतकर्ताओं को समय से राहत दिलाई जाए। जिन मामलों में उच्चाधिकारी स्तर से कार्रवाई जरूरी है, उन्हें अभिलेखों और आख्या के साथ तत्काल सक्षम अधिकारी को भेजा जाए। भूमि विवादों के निस्तारण के लिए डीएम और एसपी ने पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर जांच करने के निर्देश दिए।

उत्तर रेलवे

ई–ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक/पी.एस., उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

एडमिन यूनिट/जोन	लखनऊ–उ.रे.–मण्डल–वाणिज्य/उ.रे.
नीलामी सूची सं./लॉट सं.	PARKING-LKO-MBDP-MX-193-26-1 (Parking - Mixed)
नीलामी सूची प्रकाशन तिथि	19.10.2026
नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट)	03.11.2026 समय 10:00 बजे
नीलामी बन्द करने की तिथि व समय	03.11.2026 समय 10:30 बजे
नीलामी सूची सं./लॉट सं.	PARKING-LKO-BSB-MX-187-26-1 (Parking - Mixed)
नीलामी सूची प्रकाशन तिथि	19.10.2026
नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट)	03.11.2026 समय 10:00 बजे
नीलामी बन्द करने की तिथि व समय	03.11.2026 समय 10:40 बजे
नीलामी का प्रकार	Close Ended
वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है।	E-Auction Module of www.ireps.gov.in

3700/26

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

बिग बॉस 20 के सफर पर बोले अमन गांधी, कहा– मैं खुद को सही तरीके से व्यक्त नहीं कर पाया

हाल ही में रियलिटी शो बिग बॉस 20 से बाहर हुए टेलीविजन अभिनेता अमन गांधी ने शो में अपने सफर को लेकर खुलकर बात की। उन्होंने स्वीकार किया कि वह शो के दौरान खुद को सही तरीके से व्यक्त नहीं कर पाए। अमन ने कहा कि जो लोग उन्हें अच्छी तरह जानते हैं, उन्हें भी लगा कि घर के अंदर उनका असली व्यक्तित्व देखने को नहीं मिला। अभिनेता ने यह भी माना कि बिग बॉस के घर में रहते हुए वह खुद से बार–बार यही सवाल करते थे कि आखिर वह वैसे क्यों नहीं रह पा रहे हैं, जैसे आमतौर पर रहते हैं। उन्होंने कहा, मैं खुद को सही तरीके से व्यक्त नहीं कर पाया। मैं खुद को जितना जानता हूं और लोग मुझे जितना जानते हैं, सभी का यही कहना था कि कहीं न कहीं अमन गायब था। यानी घर में असली अमन दिखाई नहीं दे रहा था। मैं भी अंदर बैठकर सोचता था कि लोग तुम्हें जिस वजह से पसंद करते हैं, तुम वैसा क्यों नहीं कर पा रहे हो। मुझे लगता है कि बहुत ज्यादा दबाव, थोड़ी नकारात्मकता और कई चीजों का मिला–जुला असर दिमाग पर हावी हो जाता है। अंदर बहुत कुछ चल रहा था और मैं खुद को ठीक से व्यक्त नहीं कर पाया। अमन गांधी शो में केवल पांच सप्ताह का सफर तय कर सके। उन्हें अन्य नामित प्रतियोगियों की तुलना में कम वोट मिले, जिसके कारण उन्हें शो से बाहर होना पड़ा। लगातार दूसरे सप्ताह वह बॉटम में रहे थे। उनके साथ मैरी कॉम और उदिति सिंह भी बॉटम–थ्री में शामिल थीं। इस सीजन में एक लाइफलाइन सिस्टम भी शुरू किया गया था, जिसके तहत हर प्रतियोगी को एलिमिनेशन से बचने के लिए दो अतिरिक्त मौके दिए गए थे, हालांकि अमन पहले ही एक वोटिंग राउंड में अपनी पहली लाइफलाइन गंवा चुके थे। शो के दौरान वाइल्ड कार्ड प्रतियोगी नकुल ढुल ने अमन के यौन अनुभवों को लेकर कुछ टिप्पणियां की थीं, जिससे अभिनेता असहज महसूस करने लगे थे, हालांकि अमन ने उस समय सीधे तौर पर नकुल का सामना नहीं किया, लेकिन बाद में उन्होंने इस बारे में अन्य घरवालों से चर्चा की। कुछ प्रतियोगियों ने अमन से यह सवाल भी किया था कि उन्होंने उसी समय नकुल की टिप्पणी का विरोध क्यों नहीं किया।

गुटखा खाने वालों सावधान! इन लक्षणों को न करें नजरअंदाज ,बढ़ रहा मुंह के कैंसर का खतरा

कभी मुंह के कैंसर को 40 से 50 साल की उम्र के बाद होने वाली बीमारी माना जाता था, लेकिन अब कम उम्र के मरीज भी डॉक्टरों तक पहुंच रहे हैं। कानपुर के जेके कैंसर इंस्टीट्यूट में 20 से 30 साल की उम्र के मरीज भी मुंह के कैंसर की जांच और इलाज के लिए आ रहे हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक, गुटखा, सुपारी और तंबाकू का लंबे समय तक इस्तेमाल मुंह की अंदरूनी त्वचा को नुकसान पहुंचा सकता है।

20 से 35 साल के मरीज भी पहुंच रहे अस्पताल

पहले मुंह के कैंसर के लिए आमतौर पर 40 से 60 साल की उम्र के मरीज ज्यादा आते थे। अब 20 से 35 साल की उम्र के मरीज भी देखने को मिल रहे हैं। उनका कहना है कि गुटखा, सुपारी और पान मसाला जैसी चीजों को घंटों मुंह में दबाकर रखने से मुंह की अंदरूनी त्वचा पर लगातार असर पड़ सकता है।

छोटे छाले को भी न करें नजरअंदाज

मुंह में छाला या घाव होना आम बात है और हर छाला कैंसर नहीं होता। लेकिन अगर कोई घाव लंबे समय तक ठीक नहीं हो रहा है, तो उसे नजरअंदाज करना सही नहीं है। डॉ. के मुताबिक, अगर मुंह का छाला या घाव करीब 15 दिन तक बना रहे, तो डॉक्टर से जांच करानी चाहिए। समय पर जांच कराने से बीमारी का कारण पता चल सकता है और अगर कोई गंभीर समस्या है तो उसका इलाज भी जल्द शुरू किया जा सकता है।

गुटखा और तंबाकू से मुंह की अंदरूनी त्वचा पर असर

जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संजय काला के



मुताबिक, गुटखा, खैनी और सुपारी जैसे तंबाकू उत्पाद मुंह के कैंसर के प्रमुख जोखिम कारकों में शामिल हैं। लंबे समय तक इनका सेवन करने से मुंह की अंदरूनी त्वचा में बदलाव हो सकते हैं। लगातार तंबाकू या सुपारी का इस्तेमाल करने वालों में मुंह के अंदर सफेद या लाल धब्बे, जलन और मुंह खोलने में परेशानी जैसी समस्याएं दिखाई दे सकती हैं। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज की वेबसाइट पर भी डॉ. संजय काला को प्राचार्य एवं डीन के रूप में सूचीबद्ध किया गया है।

मुंह में ये बदलाव दिखें तो हो जाएं सतर्क

अगर मुंह में इनमें से कोई समस्या लंबे समय तक बनी रहती है, तो डॉक्टर से सलाह लेना जरूरी है मुंह का छाला या घाव 15 दिन से ज्यादा समय तक ठीक न होना

जीभ या गाल के अंदर लाल या सफेद पैच दिखाई देना

मुंह खोलने में परेशानी होना

घाव से खून आना

लगातार दर्द या जलन रहना

जीभ या गाल में लंबे समय तक कोई असामान्य बदलाव महसूस होना इनमें से किसी एक लक्षण का होना अपने आप में कैंसर की पुष्टि नहीं करता, लेकिन लगातार बने रहने वाले बदलावों की जांच जरूरी है।

कानपुर में अलग–अलग पाउच में बिक रहा तंबाकू

खबर के मुताबिक, कानपुर के पनकी, सचेंडी और आसपास के ग्रामीण इलाकों में पान मसाला और तंबाकू अलग–अलग पाउच में बिकते दिखाई देते हैं। स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि ग्राहक इन उत्पादों की मांग करते हैं और थोक विक्रेताओं से भी इन्हें उपलब्ध कराया जाता है। पनकी–जवाहरपुरम के दुकानदार आशीष विश्वकर्मा ने बताया कि थोक विक्रेता से मिलने वाले माल में तंबाकू वाले उत्पाद भी शामिल होते हैं और ग्राहक मांग करने पर उन्हें दे दिए जाते हैं। वहीं गड़रियन पुरवा के दुकानदार रमेश ने कहा कि छोटे दुकानदारों के लिए पान मसाला बेचना उनकी रोजी–रोटी से जुड़ा हुआ है।

छह महीने में 50 जगहों से लिए गए सैंपल

सहायक खाद्य आयुक्त द्वितीय संजय प्रताप सिंह के मुताबिक, खाद्य विभाग समय–समय पर पान मसाला के नमूने लेता है। उनके अनुसार पिछले छह महीनों में शहर के करीब 50 स्थानों से सैंपल लिए गए हैं। इस बीच जेके कैंसर इंस्टीट्यूट में कैंसर के मरीजों के लिए रेडियोथेरेपी, कीमोथेरेपी, सर्जिकल ऑन्कोलॉजी, पैथोलॉजी और रेडियोलॉजी जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं।

बचाव का सबसे जरूरी कदम क्या है?

मुंह के कैंसर के जोखिम को कम करने के लिए तंबाकू, गुटखा और सुपारी जैसे उत्पादों से दूरी बनाना सबसे अहम कदमों में से एक है। अगर मुंह में कोई ऐसा घाव या बदलाव दिखाई दे जो लगातार बना हुआ है, तो घरेलू उपायों के भरोसे लंबे समय तक इंतजार करने के बजाय दंत चिकित्सक, ईएनटी विशेषज्ञ या कैंसर विशेषज्ञ से जांच करानी चाहिए। खासकर युवाओं में तंबाकू और गुटखे की आदत को सामान्य मानना ठीक नहीं है। समय रहते इस आदत को छोड़ना और मुंह में होने वाले लगातार बदलावों पर ध्यान देना भविष्य में गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं के जोखिम को कम करने में मदद कर सकता है।

अनुपम खेर ने शेयर किया इमोशनल नोट, कहा– मां से मिले दो महीने हो गए, पूछ रही हैं, तू कब आएगा ?

दिग्गज अभिनेता अनुपम खेर इन दिनों घर और परिवार से दूर अपने काम में व्यस्त चल रहे हैं। अभिनेता अनुपम खेर ने अपनी मां दुलारी को याद करते हुए एक इमोशनल पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने बताया कि मां से मिले हुए लगभग दो महीने हो गए हैं। अनुपम ने इंस्टाग्राम पर अपनी मां की दो तस्वीरें शेयर कीं और बताया कि वह रोज भाई राजू खेर के फोन पर फेसटाइम के जरिए उनसे बात करते हैं। अनुपम खेर ने फोटो के साथ पोस्ट में लिखा, मां से मिले लगभग दो महीने हो गए हैं। हालांकि, रोजाना राजू के फोन पर फेसटाइम पर बात हो जाती है, क्योंकि मां स्मार्टफोन नहीं चलाती हैं। आज बात करते–करते बोलीं, तू कब आएगा? कितने दिन हो गए तुझसे मिले हुए।

हड्डियों के लिए खतरनाक है आपके घर का बाथरूम, संभलकर रखें यहां एक– एक कदम

बाथरूम एक सुविधाजनक और साफ–सुथरा आधुनिक आविष्कार है, लेकिन ये आपकी हड्डियों के लिए खतरनाक हो सकते हैं। सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (सीडीसी) की एक स्टडी के अनुसार, 15 साल से ज़्यादा उम्र के लगभग 234,000 लोगों का बाथरूम में लगी चोटों के लिए इलाज किया गया और इनमें से 5 में से 4 चोटें सीधे तौर पर गिरने की वजह से लगी थीं।

बाथरूम हादसों से बचने के तरीके

सीडीसी की रिपोर्ट बताती है कि कुल मिलाकर, उम्र बढ़ने के साथ बाथरूम में गिरने से चोट लगने का खतरा बढ़ जाता है। लेकिन जाहिर है, आप बाथरूम का इस्तेमाल करना तो बंद नहीं कर सकते। इसलिए हम आपको बाथरूम में खतरनाक तरीके से गिरने से होने वाले फ्रैक्चर से बचने के तरीके बताने जा रहे हैं। जैसे कि बाथरूम में रखे छोटे गलीचे (जीतवू तनहे) देखने में अच्छे लग सकते हैं, लेकिन ये खतरनाक भी हो सकते हैं। इन पर पैर रखते ही ये फिसल सकते हैं या अपनी जगह से हट सकते हैं। बाथरूम में फर्श पर तौलिये को बाथमैट की तरह इस्तेमाल करना भी उतना ही खतरनाक हो सकता है। इसकी जगह, रबर वाले नॉन–स्लिप बाथमैट का इस्तेमाल करें और पक्का करें कि बाथरूम का फर्श साफ–सुथरा हो। अगर आपके शॉवर या बाथटब का फर्श फिसलने वाला है, तो वहां नॉन–स्लिप रबर मैट बिछाएं।

एक्सरसाइज से अपना बैलेंस बेहतर करें

आप कहीं भी हों, फ्रैक्चर से बचने के लिए बैलेंस बेहतर करना बहुत जरूरी है, लेकिन बाथरूम में तो यह और भी जरूरी हो जाता है। ष्फ्लेमिंगोष् मूव जैसी एक्सरसाइज को ब्रश करते समय बाथरूम में किया जा सकता है, और यह बैलेंस बेहतर करने के लिए बहुत अच्छी है। संतुलन बनाए रखने की आपकी क्षमता में आपकी नजर एक अहम भूमिका निभाती हैय आपकी आँखों की रोशनी आपके कान के अंदरूनी हिस्से के साथ मिलकर आपके जोड़ें और मांसपेशियों को संकेत भेजती है। गिरने से बचने के लिए अच्छे बैलेंस की अहमियत को जितना भी कहा जाए, कम है। किसी मजबूत चीज को पकड़ पाने से गिरने और सीधे खड़े रहने के बीच का फर्क पैदा हो सकता है। बाथटब में और जरूरत पड़ने पर टॉयलेट के पास भी रेलिंग लगवाएं, क्योंकि ज़्यादातर लोग इन्हीं दो जगहों पर गिरते हैं। सिर्फ मोजे पहनकर बाथरूम के सख्त और चिकने फर्श पर चलने से फिसलने का खतरा हो सकता है। चिकने सोल वाली चप्पलें भी ऐसा ही खतरा पैदा करती हैं।

जल्दबाजी ना करें

चाहे आप टॉयलेट से उठ रहे हों, टब या शॉवर से बाहर निकल रहे हों, या बस बाल ठीक करने के लिए बाथरूम में जा रहे हों, धीरे–ध ीरे चलें। जल्दबाजी में अंदर–बाहर करने से गिरने का खतरा हो सकता है। अगर आप जल्दी में हैं, तो बस याद रखें धीरे–धीरे चलने में कुछ अतिरिक्त मिनट लगाने की तुलना में, गिरने और हड्डी टूटने से कहीं ज़्यादा देर हो सकती है। चिकने फर्श और दूसरी सतहें गीली होने पर ज़्यादा फिसलने वाली हो जाती हैं। काउंटरटॉप, बाथटब के किनारे और सिंक को सुखाने के लिए सूखे कपड़े, स्पंज और तौलिए पास रखें। अगर फर्श पोंछने के लिए झुकने में आपको परेशानी होती है, तो एक सूखा मॉप पास रखें और पानी सोखने के लिए उसका इस्तेमाल करें।

एक्ट्रेस प्रिया ठाकुर को पर्दे पर दुल्हन बनना पसंद, टीवी शो वसुधा के बारे में दी अपडेट

टीवी एक्ट्रेस प्रिया ठाकुर इन दिनों अपने शो वसुधा में देव और वसुधा की शादी के ट्रैक को लेकर एक्साइटेड हैं। जी टीवी के इस शो में दोनों की जिंदगी एक नया मोड़ लेने जा रही है। खास बात यह है कि इस बार वसुधा को चंद्रिका की मंजूरी भी मिल रही है। शो में देव का किरदार अभिषेक शर्मा निभा रहे हैं, जबकि वसुधा के रोल में प्रिया ठाकुर नजर आ रही हैं। शादी के इस ट्रैक को लेकर प्रिया ने बताया कि पर्दे पर दुल्हन बनना उन्हें हमेशा पसंद रहा है, हालांकि भारी लहंगे, जूलरी और घंटों तक शूटिंग करना आसान नहीं होता। शो में देव और वसुधा की शादी पहले भी हो चुकी है, लेकिन इस बार उनकी शादी का मतलब दोनों के लिए काफी अलग है। इसकी सबसे बड़ी वजह चंद्रिका का वसुधा को अपनी बड़ी बहू के रूप में स्वीकार करना है। दर्शक लंबे समय से इस पल का इंतजार कर रहे थे और अब पूरे परिवार को दोनों के रिश्ते का जश्न मनाते देखना उनके लिए खास होगा। शादी के ट्रैक के बारे में बात करते हुए प्रिया ने कहा, दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे थे कि चंद्रिका वसुधा को अपनी बड़ी बहू के रूप में स्वीकार करें। मुझे लगता है कि यही बात इस शादी को खास बनाती है। भले ही देव और वसुधा की पहले भी शादी हो चुकी है, लेकिन इस बार चंद्रिका की मंजूरी और आशीर्वाद के साथ पूरा परिवार उनके रिश्ते का जश्न मना रहा है। सभी को उनके लिए खुश होते देखना हमारे लिए भी खास पल है और उन फैंस के लिए भी, जो लंबे समय से देव और वसुधा को इस तरह एक होते देखना चाहते थे। प्रिया ने कहा, शो में शादी से जुड़े कई शानदार फंक्शन दिखाए गए हैं और यह उन सभी फैंस के लिए एक छोटा सा तोहफा है, जिन्होंने देव और वसुधा के सफर में उनका साथ दिया है। शादी के ट्रैक की शूटिंग हमेशा मजेदार होती है, लेकिन इसके साथ कई चुनौतियां भी आती हैं। भारी कपड़े, जूलरी और सेट पर लंबे समय तक काम करना आसान नहीं होता। मुझे स्क्रीन पर दुल्हन बनना हमेशा पसंद रहा है। मुझे खूबसूरत और रॉयल आउटफिट्स के साथ जूलरी पहनना अच्छा लगता है, हालांकि उन्हें लंबे समय तक संभालकर रखना आसान नहीं होता। उन्होंने कहा, इस पूरे ट्रैक की शूटिंग का अनुभव शानदार रहा है। मुझे यकीन है कि दर्शकों को देव और वसुधा की जिंदगी के इस नए सफर को देखना पसंद आएगा। देव का किरदार निभाने वाले अभिषेक शर्मा भी इस शादी के ट्रैक को लेकर काफी खुश हैं। उन्होंने कहा, ऐसा लगता है कि देव और वसुधा को आखिरकार उनकी खुशियों भरी जिंदगी मिल रही है, जिसका फैंस लंबे समय से इंतजार कर रहे थे। शादी के ट्रैक की शूटिंग काफी एक्साइटिंग होती है। हमारी टीम काफी मेहनत कर रही है, जिससे पूरा काम आसान और मजेदार बन जाता है। पूरी कास्ट भी काफी प्रोफेशनल और सपोर्टिव है। जब आसपास इतने अच्छे लोग हों, तो मुश्किल सीन भी यादगार बन जाते हैं। शो में इससे पहले हल्दी, मेहंदी, संगीत और शादी की रस्मों जैसे कई फंक्शन दिखाए जा चुके हैं।



भारतीय महिला टीम की बल्लेबाज सब्बीनेनी मेघना ने संन्यास लिया, कहा– क्रिकेट हमेशा दिल में रहेगा

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की शीर्ष क्रम की बल्लेबाज रहीं सब्बीनेनी मेघना ने शुक्रवार को क्रिकेट को अलविदा कह दिया। उन्होंने सभी फॉर्मेट से संन्यास ले लिया है। मेघना 2022 में कॉमनवेल्थ गेम्स में सिल्वर मेडल जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा रही थीं। मेघना ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, वर्ल्ड स्टेज पर जर्सी पहनने के लिए हाथ में बल्ला लेकर पहली बार मैदान पर उतरना किसी सपने के सच होने से कम नहीं है। मैं एक खिलाड़ी के तौर पर क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से संन्यास की घोषणा करती हूं। मेरा दिल शुक्रगुजार है। मैदान मेरा दूसरा घर रहा है, जिसने मुझे हिम्मत दी, विनम्रता सिखाई और ऐसी यादें और दोस्ती दी, जिन्हें मैं जिंदगी भर संभालकर रखूंगी। उन्होंने

लिखा, मेरे परिवार को, जो हर मुश्किल समय में मेरे साथ खड़े रहे, आपके कभी न खत्म होने वाले त्याग के लिए ध न्यवाद। मेरे कोच, टीममेट्स और सपोर्ट स्टाफ को, मुझे अपना बेस्ट देने के लिए प्रेरित करने और मेरे साथ ड्रेसिंग रूम साझा करने के लिए धन्यवाद। मेघना ने लिखा, मैं बीसीसीआई, आंध्र क्रिकेट एसोसिएशन, रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु, गुजरात जायंट्स और आरएसपीबी का मेरे पूरे करियर में लगातार सहयोग, मार्गदर्शन और समर्थन के लिए दिल से शुक्रिया अदा करना चाहती हूं। मुझे अपने पैशन को सबसे ऊंचे लेवल पर आगे बढ़ाने के लिए प्लेटफॉर्म और मौके देने के लिए धन्यवाद। उन्होंने आखिर में कहा, भले ही मेरे खेलने के दिन खत्म हो जाएं, लेकिन क्रिकेट के साथ मेरा रिश्ता कभी नहीं टूटेगा। मैं हमेशा खेल से गहराई से जुड़ी रहूंगी और अपनी जिंदगी खेल को कुछ वापस देने, अगली पीढ़ी को गाइड करने और उस खेल की सेवा करने के लिए समर्पित करना चाहती हूं, जिसने मुझे सब कुछ दिया। धन्यवाद, क्रिकेट। तुम हमेशा मेरे दिल, मेरे पैशन और मेरे जीवन भर के मकसद रहोगे। मेघना ने फैंस का भी शुक्रिया अदा किया।

भारतीय महिला टीम की बल्लेबाज सब्बीनेनी मेघना ने संन्यास लिया

नयी दिल्ली, एजेंसी। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की शीर्ष क्रम की बल्लेबाज रहीं सब्बीनेनी मेघना ने शुक्रवार को क्रिकेट को अलविदा कह दिया। उन्होंने सभी फॉर्मेट से संन्यास ले लिया है। मेघना 2022 में कॉमनवेल्थ गेम्स में सिल्वर मेडल जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा रही थीं। मेघना ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, ष्वर्ल्ड स्टेज पर जर्सी पहनने के लिए हाथ में बल्ला लेकर पहली बार मैदान पर उतरना किसी सपने के सच होने से कम नहीं है। मैं एक खिलाड़ी के तौर पर क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से संन्यास की घोषणा करती हूं। मेरा दिल शुक्रगुजार है। मैदान मेरा दूसरा घर रहा है, जिसने मुझे हिम्मत दी, विनम्रता सिखाई और ऐसी यादें और दोस्ती दी, जिन्हें मैं जिंदगी भर संभालकर रखूंगी।

मोना अग्रवाल ने दूसरा गोल्ड जीता, 50 मीटर राइफल 3पी एसएच1 में वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ा

टोयोटा, एजेंसी। भारतीय पैरा–शूटर मोना अग्रवाल ने आइची प्रीफ. जनरल शूटिंग गैलरी में महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन एसएच1 इवेंट में वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाकर गोल्ड मेडल जीता। यह उनका दूसरा गोल्ड है। उन्होंने 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग एसएच1 इवेंट में भी गोल्ड जीता था। मोना ने 50 मीटर राइफल 3पी एसएच1 में 357.5 का वर्ल्ड रिकॉर्ड स्कोर करके गोल्ड जीता। अवनी लेखरा 333.2 के साथ चौथे स्थान पर रहीं। मोना ने स्वीडिश शूटर एना बेन्सन का 356 का वर्ल्ड रिकॉर्ड स्कोर तोड़ा, जो उन्होंने जुलाई 2026 में नोवी सैड में वर्ल्ड कप के दौरान बनाया था। पिछला एशियन रिकॉर्ड दक्षिण कोरिया की ली युन–री का था, जिन्होंने पिछले महीने 355.7 का स्कोर बनाया था। मोना ने क्वालीफिकेशन के दौरान 566–17– के स्कोर के साथ छठा स्थान हासिल किया, जबकि अवनी ने 580–24– के साथ क्वालीफिकेशन शीट में टॉप

किया। अवनी का स्कोर एशियन पैरा गेम्स क्वालीफिकेशन रिकॉर्ड भी था। मोना ने फाइनल में बहुत अच्छा प्रदर्शन करते हुए गोल्ड जीता। उन्होंने नीलिंग सीरीज 1 में 101.4 और फिर प्रोन सीरीज 1 में 102.1 का स्कोर किया। उन्होंने स्टैंडिंग सीरीज में भी अच्छे स्कोर बनाए और सात स्टैंडिंग सीरीज में 53, 50.8, 10.4, 10.3, 10.1, 9.6 और 9.8 का स्कोर करके गोल्ड जीता। चीन की क्यूपिंग झांग ने 353.7 के स्कोर के साथ सिल्वर मेडल जीता, जबकि दक्षिण कोरिया की मियोंग किम ने 344.4 के स्कोर के साथ ब्रॉन्ज मेडल जीता और अवनी मेडल से चूक गईं। इससे पहले, मोना ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग एसएच1 में गोल्ड जीता था, जिसमें अवनी ने सिल्वर मेडल जीता था। मोना ने एशियन पैरा गेम्स का रिकॉर्ड 250 का स्कोर बनाकर गोल्ड जीता, जबकि अवनी ने 249.6 का स्कोर बनाकर सिल्वर मेडल जीता।

जापान पुरुष हॉकी टीम एशियन चौंपियंस ट्रॉफी के लिए मोहाली पहुंची, एयरपोर्ट पर शानदार स्वागत

मोहाली, एजेंसी। जापान की 18 सदस्यीय पुरुष फील्ड हॉकी टीम 27 अक्टूबर से 5 नवंबर तक जालंधर और मोहाली में होने वाली एशियन चौंपियंस ट्रॉफी में हिस्सा लेने के लिए शहीद भगत सिंह इंटरनेशनल एयरपोर्ट, मोहाली पहुंची। जापान की हॉकी टीम का एयरपोर्ट पर भव्य स्वागत किया गया। खेल विभाग के अधिकारियों ने भांगड़ा, पारंपरिक मालाओं और पंजाबी मेहमाननवाजी के साथ खिलाड़ियों का शानदार स्वागत किया। खिलाड़ी अपने शानदार स्वागत से खुश थे। उन्होंने मेजबानों को धन्यवाद दिया और हॉकी के महान खिलाड़ियों की धरती पंजाब में खेलने को लेकर उत्साह दिखाया। एशियन चौंपियंस ट्रॉफी के लिए भारत आई जापान की हॉकी टीम में यामाडा शोटा, तनाका सेरेन, वतनबे जुन, मात्सुमोतो काजुमासा, नागाई युमा, यामाशिता मनाबू, फुजीशिमा रायकी (कप्तान), नागायोशी केन,

सैतो हिरो, काशिवागी रेन, तनाका त्सुबासा, ऊका रयोमा, कवामुरा युसुके, कुरोदा किशो (गोलकीपर), यामानाका मोटोया, ओचियाई हारुकी, कितागावा ताकुमी (गोलकीपर) और फुकुदा केंटारो शामिल हैं। एशियन चौंपियंस ट्रॉफी पहली बार पंजाब में हो रही है। पंजाब की धरती पहली बार किसी इंटरनेशनल हॉकी टूर्नामेंट की गवाह बन रही है। इसके लिए पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने अपनी तरफ से काफी प्रयास किया है। पंजाब सरकार ने हिस्सा लेने वाली सभी टीमों को एक इंटरनेशनल स्पोर्टिंग इवेंट के हिसाब से वर्ल्ड–क्लास सुविधाएं, सुरक्षा और मेहमाननवाजी का भरोसा दिया है। चौंपियनशिप के दौरान टीमों के आराम से रहने, प्रैक्टिस सेशन और यात्रा के लिए पूरे इंतजाम किए गए हैं। जापान और मेजबान भारत के अलावा, दक्षिण कोरिया, चीन, मलेशिया और बांग्लादेश की टीमें भी एशियन चौंपियंस ट्रॉफी टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही हैं।

गेंदबाजी करने वालों को वनडे सीरीज में मिलेगी सफलता : जेम्स पैमेंट

नयी दिल्ली, एजेंसी। भारतीय क्रिकेट टीम को 5 टी20 मैचों की सीरीज के बाद न्यूजीलैंड में 5 वनडे मैचों की सीरीज भी खेलनी है। इस सीरीज में रोहित शर्मा और विराट कोहली भी खेलेंगे। ऐसे में वनडे सीरीज को लेकर रोमांच ज्यादा है। जसप्रीत बुमराह वनडे सीरीज में भारतीय टीम का हिस्सा नहीं हैं, इसलिए यह गेंदबाजी टीम के लिए एक समस्या है। न्यूजीलैंड के पूर्व सहायक कोच और मुंबई इंडियंस के फील्डिंग कोच रह चुके जेम्स पैमेंट ने आईएएनएस के साथ खास बातचीत में वनडे सीरीज के दौरान गेंदबाजों पर बात की। उन्होंने कहा, गेंदबाजों को यह पक्का करने की कोशिश करनी चाहिए कि उन्हें किस लेंथ पर गेंदबाजी करनी है। अपनी सबसे अच्छी गेंद लगातार फेंकें।

सिलिकॉन वैली स्क्वैश : अनाहत सिंह ने सेमीफाइनल में जगह बनाई

रेडवुड सिटी, एजेंसी। दुनिया की 15वें नंबर की खिलाड़ी भारत की अनाहत सिंह ने मिस्र की छठी सीड सलमा हैनी पर पांच गेम की रोमांचक जीत के साथ सिलिकॉन वैली ओपन स्क्वैश के सेमीफाइनल में जगह बना ली। अनाहत ने पहली बार अपने पीएसए गोल्ड–लेवल सेमीफाइनल में जगह बनाई है। दुनिया की नंबर 3 और आठ बार की वर्ल्ड चौंपियन मिस्र की नूर एलशेरबिनी को सीधे गेम में हराने के एक दिन बाद, 18 साल की भारतीय खिलाड़ी ने क्वार्टर फाइनल में दुनिया की नंबर 14 हैनी को 42 मिनट तक चले मुकाबले में 4–11, 11–8, 4–11, 11–2, 11–5 से हराया। अनाहत मुकाबले में 2–1 से पीछे चल रही थीं, लेकिन उन्होंने वापसी करते हुए 11–2, 11–5 से जीत हासिल की और अपने करियर में पहली बार गोल्ड सेमीफाइनल में जगह बनाई। 2–1 से पीछे होने

के बाद वापसी करते हुए जीत हासिल करने के बाद अनाहत ने हैनी के बारे में कहा, मैंने उनके खिलाफ पहले कभी नहीं खेला था। मुझे नहीं पता था कि कोर्ट पर आकर क्या करना है। मैंने उन्हें कई बार खेलते हुए देखा है। वह पीएसए टूर में बहुत अनुभवी हैं। अनाहत ने कहा, एलशेरबिनी के खिलाफ जीत के बाद, मुझे पता है कि अगर मैं अच्छा खेल रही हूं तो मेरे पास जिससे भी खेलूंगी, उसके खिलाफ मौका है। मैं इसी सोच के साथ उतरना चाहती थी। स्टार भारतीय खिलाड़ी ने कहा, गुरुवार की जीत के बाद इमोशन की वजह से मैं मैच में थोड़ी थकी हुई थी। मैं आज मोमेंटम नहीं खोना चाहती थी, मैं अपना शत–प्रतिशत देना चाहती थी। टूर्नामेंट में एक कदम आगे बढ़कर मैं खुश हूं। अनाहत सिंह का अगला मुकाबला दुनिया की नंबर चार और मौजूदा एशियन गेम्स चौंपियन मलेशिया की शिवसांगरी सुब्रमण्यम से होगा। अनाहत को एशियन गेम्स 2026 के फाइनल में शिवसांगरी के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। अनाहत का साल 2026 में सफर शानदार रहा है। इस साल की शुरुआत में वर्ल्ड जूनियर स्क्वैश चौंपियनशिप जीतने के बाद एशियन गेम्स स्क्वैश सिंगल्स फाइनल में जगह बनाई थी। वह फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बनी थीं।

अक्टूबर में भारत की कारोबारी गतिविधियां 4 महीने के उच्च स्तर पर पहुंची: पीएमआई डेटा

नई दिल्ली, एजेंसी। अक्टूबर में भारत के निजी क्षेत्र की कारोबारी गतिविधियों (बिजनेस एक्टिविटी) में जोरदार तेजी दर्ज की गई और यह चार महीनों के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। एचएसबीसी द्वारा जारी फ्लैश पीएमआई (परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स) आंकड़ों के अनुसार, घरेलू मांग के साथ–साथ विदेशी बाजारों से मिले मजबूत ऑर्डरों ने विनिर्माण और सेवा क्षेत्र दोनों को गति दी है। साथ ही महंगाई से जुड़े दबावों में भी नरमी देखने को मिली है। एचएसबीसी फ्लैश इंडिया कंपोजिट आउटपुट इंडेक्स, जो विनिर्माण और सेवा क्षेत्र की संयुक्त गतिविधियों को मापता है, सितंबर के 55.9 से बढ़कर अक्टूबर में 56.7 पर पहुंच गया। 50 से ऊपर का स्तर आर्थिक गतिविधियों के विस्तार का संकेत माना जाता है। यह जून के बाद कारोबारी गतिविधियों की सबसे तेज वृद्धि है। आंकड़ों के अनुसार, विनिर्माण और सेवा क्षेत्र की कंपनियों ने बाजार की स्थितियों में सुधार और नए ऑर्डरों में बढ़ोतरी की जानकारी दी। विदेशी मांग भी मजबूत रही और निर्यात ऑर्डरों में पिछले छह महीनों की सबसे तेज वृद्धि दर्ज की गई। एचएसबीसी की मुख्य भारत अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा कि विनिर्माण क्षेत्र में उत्पादन और नए ऑर्डरों की वृद्धि सितंबर के स्तर के आसपास बनी रही, लेकिन इसके पीछे सबसे महत्वपूर्ण पहलू निर्यात मांग में आई तेजी रही। उन्होंने कहा कि जून 2025 के बाद पहली बार निर्यात ऑर्डरों में इतनी मजबूत वृद्धि देखने को मिली है।

वैश्विक दबाव के चलते सोना–चांदी धड़ाम, सिल्वर में 6,799 रुपए की गिरावट, कीमत 2 लाख के नीचे फिसली

नई दिल्ली, एजेंसी। पिछले कुछ समय से कीमती धातुओं की कीमतों में गिरावट का दौर जारी है। पिछले दिन की गिरावट के बाद हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों बाजारों में एक बार फिर सोने और चांदी की कीमतों में बड़ी गिरावट देखने को मिली। वैश्विक शेयर बाजारों में बिकवाली, कच्चे तेल की कीमतों का 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर बने रहना और ब्याज दरों के लंबे समय तक ऊंचे रहने की आशंका ने निवेशकों का रुख प्रभावित किया है, जिसका असर सोने और चांदी दोनों पर पड़ा, जिसके चलते घरेलू बाजार में चांदी का भाव एक बार फिर 2 लाख प्रति किलोग्राम के नीचे पहुंच गया। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर दिसंबर डिलीवरी वाला सोना अपने

पिछले बंद भाव 1,43,309 रुपए से 1,251 रुपए यानी 0.87 प्रतिशत फिसलकर 1,42,058 रुपए प्रति 10 ग्राम पर खुला। वहीं दिन के कारोबार में एक समय यह 1,503 रुपए यानी 1.04 प्रतिशत गिरकर 1,41,806 रुपए प्रति 10 ग्राम के निचले स्तर पर पहुंच गया। कारोबार के दौरान इसमें कुछ सुधार जरूर हुआ, लेकिन खबर लिखे जाने तक सोना 629 रुपए या 0.44 प्रतिशत की गिरावट के साथ 1,42,680 रुपए प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा था। वहीं, चांदी में गिरावट और भी अधिक रही। दिसंबर डिलीवरी वाली चांदी अपने पिछले बंद भाव 1,99,599 रुपए से 3,012 रुपए यानी 1.50 प्रतिशत लुढ़ककर 1,96,587 रुपए प्रति किलोग्राम पर खुली। जबकि दिन के कारोबार में एक समय इसमें 6,799 रुपए यानी 3.40 प्रतिशत की भारी दर्ज की गई और यह 1,92,800 रुपए प्रति किलोग्राम के निचले स्तर पर पहुंच गई, और इस तरह यह 2 लाख रुपए से नीचे लुढ़क गई है। हालांकि कारोबार के दौरान इसमें भी कुछ सुधार देखने को मिली और यह 1.66 प्रतिशत की गिरावट के साथ 1,96,276 रुपए प्रति किलोग्राम के स्तर पर ट्रेड करती नजर आई। बाजार विशेषज्ञों के अनुसार, ऊंची ऊर्जा कीमतें महंगाई संबंधी चिंताओं को बढ़ा रही हैं। यदि महंगाई ऊंची बनी रहती है तो प्रमुख केंद्रीय बैंक ब्याज दरों को लंबे समय तक ऊंचे स्तर पर रख सकते हैं। यही वजह है कि निवेशक फिलहाल सोने और चांदी में सावधानी बरत रहे हैं। इस बीच, वैश्विक बाजार में सोने की कीमत 4,000 डॉलर प्रति औंस के आसपास आ गई है, जिससे बाजार में कमजोरी का माहौल बना हुआ है। अंतरराष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स में भी सोना और चांदी दोनों कमजोरी के साथ कारोबार करते दिखे। सोना करीब 0.65 प्रतिशत की गिरावट के साथ 4,034 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड करता नजर आया, वहीं चांदी 1.30 प्रतिशत की गिरावट के साथ 54.29 डॉलर प्रति औंस के आसपास कारोबार कर रही थी।

मोना अग्रवाल ने जीता दूसरा गोल्ड, एशियन पैरा गेम्स

टोयोटा, एजेंसी। भारतीय पैरा–शूटर मोना अग्रवाल ने आइची प्रीफ. जनरल शूटिंग गैलरी में महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन एसएच1 इवेंट में वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाकर गोल्ड मेडल जीता। यह उनका दूसरा गोल्ड है। उन्होंने 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग एसएच1 इवेंट में भी गोल्ड जीता था। मोना ने 50 मीटर राइफल 3पी एसएच1 में 357.5 का वर्ल्ड रिकॉर्ड स्कोर करके गोल्ड जीता। अवनी लेखरा 333.2 के साथ चौथे स्थान पर रहीं। मोना ने स्वीडिश शूटर एना बेन्सन का 356 का वर्ल्ड रिकॉर्ड स्कोर तोड़ा, जो उन्होंने जुलाई 2026 में नोवी सैड में वर्ल्ड कप के दौरान बनाया था। पिछला एशियन रिकॉर्ड दक्षिण कोरिया की ली युन–री का था, जिन्होंने पिछले महीने 355.7 का स्कोर बनाया था।

जर्मन कंपनियों के लिए भारत में निवेश, विनिर्माण और नवाचार के बड़े अवसर : पीयूष गोयल

नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को जर्मनी की राजधानी बर्लिन में कई प्रमुख उद्योगपतियों और कारोबारी नेताओं के साथ बैठकों के दौरान कहा कि भारत जर्मन कंपनियों के लिए निवेश, विनिर्माण और नवाचार के क्षेत्र में अपार अवसर प्रदान करता है। उन्होंने जोर दिया कि भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के पास विश्वास, प्रतिस्पर्धात्मकता और एक–दूसरे की पूरक क्षमताओं पर आधारित एक मजबूत आर्थिक साझेदारी बनाने का सुनहरा अवसर है। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी देते हुए बताया कि उन्होंने फ्रेसेनियस ग्रुप के सीईओ माइकल सेन के साथ भी बैठक की। दोनों पक्षों ने भारत के तेजी से बढ़ते स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र, गुणवत्तापूर्ण और किफायती चिकित्सा सेवाओं

की मांग तथा मजबूत विनिर्माण क्षमता का लाभ उठाकर सहयोग बढ़ाने के अवसरों पर चर्चा की। गोयल ने कहा कि भारत की कुशल प्रतिभा और विश्वस्तरीय उत्पादन क्षमता का उपयोग कर जर्मन कंपनियां न केवल भारतीय बल्कि वैश्विक बाजारों की जरूरतों को भी पूरा कर सकती हैं। उन्होंने एक्स पर लिखा, फ्रेसेनियस ग्रुप के सीईओ श्री माइकल सेन के साथ एक सार्थक बैठक हुई। भारत के तेजी से बढ़ते स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र, गुणवत्तापूर्ण और किफायती चिकित्सा समाधानों की बढ़ती मांग और मजबूत विनिर्माण क्षमताओं का लाभ उठाते हुए, स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में सहयोग को और गहरा करने के अवसरों पर चर्चा की गई। यह भी पता लगाया गया कि कंपनी अपने कुशल कर्मचारियों और विश्व स्तरीय उत्पादन क्षमताओं का उपयोग करके घरेलू और वैश्विक बाजारों को कैसे सेवाएं प्रदान कर सकती है। इसके अलावा, उनकी स्टीफन ओएलरिख, जो बेयर के फार्मास्यूटिकल्स डिवीजन के अध्यक्ष हैं, के साथ सार्थक चर्चा हुई। इस दौरान भारत में बेयर की विस्तार योजनाओं और देश के तेजी से विकसित हो रहे स्वास्थ्य क्षेत्र में अधिक निवेश, नवाचार और सहयोग की संभावनाओं पर विचार–विमर्श किया गया।

अदाणी टोटल गैस लिमिटेड ने ग्राहकों को दिया झटका

नयी दिल्ली, एजेंसी। शहरी गैस वितरण कंपनी अदाणी टोटल गैस लिमिटेड ने वाहनों में इस्तेमाल होने वाले कॉम्प्रेस्ड प्राकृतिक गैस (सीएनजी) की कीमतों में 4.45 रुपये प्रति किलो तक की बढ़ोतरी की है। कंपनी ने अंतरराष्ट्रीय बाजार में तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) की कीमतों में तेजी, घरेलू गैस की उपलब्धता में कमी और आपूर्ति में कटौती को इस फैसले की वजह बताया है। अदाणी टोटल गैस लिमिटेड (एटीजीएल) की वेबसाइट के मुताबिक, अहमदाबाद में उसके पंप पर सीएनजी की कीमत बढ़कर 98.47 रुपये प्रति किलो हो गई है। वहीं, हरियाणा के फरीदाबाद में यह 102.60 रुपये और पंजाब के जालंधर में 100 रुपये प्रति किलो है।

सीबीएएम और 50 प्रतिशत स्टील आयात शुल्क से यूरोप को होगा नुकसान, भरोसा ही व्यापार की सबसे बड़ी मुद्रा : पीयूष गोयल

नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने यूरोपीय देशों को चेतावनी देते हुए कहा है कि कार्बन बॉर्डर एडजस्टमेंट मैकेनिज्म (सीबीएएम) और स्टील आयात पर 50 प्रतिशत तक के शुल्क जैसे कदम अंततरू यूरोप की अर्थव्यवस्था, उद्योग और उपभोक्ताओं के लिए नुकसानदायक साबित हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि आज के वैश्विक व्यापार में भरोसा सबसे मजबूत और सबसे मूल्यवान मुद्रा है। बर्लिन ग्लोबल डायलॉग 2026 के दौरान प्रश्नोत्तर सत्र में गोयल ने कहा, यदि आपने स्वयं पर सीबीएएम लागू कर लिया है और स्टील आयात पर 50 प्रतिशत शुल्क लगा दिया है, तो आप अपने लिए मुश्किलें खड़ी कर रहे हैं। इससे जीवन–यापन की लागत बढ़ेगी, लोग महंगाई से परेशान होंगे और आपके उद्योग वैश्विक प्रतिस्पर्धा में पिछड़ जाएंगे। गोयल ने जोर देकर कहा कि भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के सामने विश्वास, प्रतिस्पर्धात्मकता और एक–दूसरे की पूरक क्षमताओं पर आधारित मजबूत आर्थिक साझेदारी विकसित करने का बड़ा अवसर है। बर्लिन में आयोजित एक अन्य कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारत और जर्मनी के बीच द्विपक्षीय व्यापार वर्तमान लगभग 31 अरब यूरो से बढ़कर 310 अरब यूरो तक पहुंच सकता है।

प्रकाशक, मुद्रक एवम् संपादक विजय दुबे द्वारा 62, पार्वती नगर, पाण्डेयपुर, वाराणसी से प्रकाशित व काशी प्रिंटर्स, मिन्ट हाउस, वाराणसी से मुद्रित। समस्त विवादों को लखनऊ की सक्षम अदालतों में निपटाया जायेगा।

फोन : 91 8787220970
91 9839666352

आर.एन.आई.रूUPHIN/2008/32231
डाक पंजीयन : जी–2/न्यूज पेपर/59/2004.
E-mail: lokhastakshep@gmail.com

संपादकः विजय दुबे
कार्यकारी संपादकः दीप्ती दुबे ’
संपादकीय सलाहकार : राधाकृष्ण मिश्र

’समाचारों के चयन व संपादन हेतु पीआरबी एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी



अरावली क्षेत्र में डंपिंग यार्ड का विरोध ,धरने पर बैठे ग्रामीणों को पुलिस ने घसीटा

लोक हस्तक्षेप संवाददाता

चंडीगढ़। अरावली की गोद में कचरा डालने पर आमादा फरीदाबाद नगर निगम का विरोध करने के लिए धरने पर बैठे ग्रामीणों को पुलिस दमन का शिकार होना पड़ रहा है।अरावली क्षेत्र में डंपिंग यार्ड के विरोध में धरने पर बैठे ग्रामीणों को पुलिस ने घसीट घसीटकर हटाया। इस दौरान ग्रामीणों की पुलिस से झड़प हुई,। इसके बाद महिलाएं लठ लेकर सड़क पर बैठ गईं।

फरीदाबाद में पुलिस और ग्रामीणों के बीच यह झड़प शनिवार दोपहर हुई। अरावली क्षेत्र के भाखरी गांव में डंपिंग यार्ड बनाए जाने के विरोध में धरने पर बैठे ग्रामीणों को पुलिस ने जबरन उठाना शुरू कर दिया। धरना खत्म होता देख ग्रामीणों ने पथराव कर दिया। फिर महिलाएं सड़क पर लठ लेकर कुर्सी डालकर बैठ गईं। स्थिति बिगड़ने पर अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया। फोर्स ने महिला प्रदर्शनकारियों को भी मौके से खदेड़ दिया। हंगामा बढ़ने पर उन्हें पुलिस वैन में बैठा लिया। जेसीबी की मदद से धरनास्थल पर लगा टेंट भी हटा दिया गया। स्थिति को देखते हुए पुलिस की कई टीमें तैनात कर दी गई । पथराव के दौरान 4 पुलिस कर्मचारियों को हल्की चोट आई है। पुलिस ने 20 लोगों को हिरासत में लिया है। अरावली एरिया में बसे भाखरी गांव में नगर निगम की ओर से डंपिंग यार्ड बनाया जा रहा है। इसके विरोध में 11 दिन से ग्रामीण धरना दे रहे हैं। भाखरी गांव के पास डंपिंग यार्ड बनाना प्रस्तावित है। 7 अक्टूबर को नगर निगम ने यहा कूड़ा डालना शुरू किया था। इसके विरोध में 15 अक्टूबर को भाखरी और आसपास के गांवों के लोगों ने धरना शुरू कर दिया। 16 अक्टूबर को पुलिस ने धरना दे रहे ग्रामीणों और स्थानीय पार्षद जगदीश फागना को हिरासत में लिया था।

ग्रामीणों ने अगले दिन से फिर धरना शुरू कर दिया। इसके बाद से प्रशासन लगातार प्रदर्शनकारियों को हटाने का प्रयास कर रहा था। शनिवार को नगर निगम के ज्वाइंट कमिश्नर अनिल यादव ग्रामीणों से बातचीत करने पहुंचे थे। उन्होंने ग्रामीणों से धरना समाप्त करने की अपील की, लेकिन वे अपनी मांग पर अड़े रहे। इसके बाद पुलिस ने करीब 2 बजे प्रदर्शनकारियों को हटाने की कार्रवाई शुरू की।

प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों का कहना है कि अरावली संवेदनशील प्राकृतिक क्षेत्र है। यहां डंपिंग यार्ड बनाने और कूड़ा डालने से पर्यावरण को नुकसान पहुंच सकता है। कचरे से निकलने वाला दूषित पानी जमीन में रिसकर ग्राउंड वाटर को प्रदूषित कर सकता है। इससे ग्रामीणो की सेहत पर भी बुरा असर पड़ सकता है।ग्रामीणों ने कहा कि बंधवाड़ी में कचरा डालने पर रोक लगाई गई थी। इसके बाद दूसरे स्थानों पर कूड़ा पहुंचाया जा रहा है। इससे अरावली क्षेत्र में भी कचरे के ढेर बढ़ने का खतरा है।

भाखरी के पास जिस जमीन पर कूड़ा निस्तारण केंद्र बनाया जाना प्रस्तावित है, वह हरियाणा पावर जनरेशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड की है। नगर निगम ने इसमें से 50 एकड़ जमीन लीज पर ली है। निगम की योजना शहर से निकलने वाले कूड़े का निस्तारण करने की है। फरीदाबाद नगर निगम के आंकड़ों के अनुसार, शहर में रोजाना करीब 1200 टन कचरा निकलता है। प्रतापगढ़ और नचौली स्थित डंपिंग यार्ड पर भी पहले से कचरे के ढेर लगे हैं। प्रतापगढ़ में स्थानीय लोगों के विरोध के बाद कचरा डालने की मात्रा सीमित की गई थी। इसके बाद नगर निगम को भाखरी गांव मेंअल्टरनेटिव व्यवस्था करनी पड़ रही है।

दक्षिण–पूर्व एशिया में माफिया और आतंकियों का नया हथियार बना ड्रोन

नई दिल्ली, एजेंसी। दक्षिण–पूर्व एशिया में सस्ते और आसानी से मिलने वाले ड्रोन अब अपराधियों, ड्रग्स तस्करों और आतंकवादी संगठनों के सबसे खतरनाक हथियार बन चुके हैं। हालात इतने खराब हो गए हैं कि तकनीक के इस गलत इस्तेमाल ने सुरक्षा एजेंसियों की नींद उड़ा दी है। अब इस पूरे मामले में सामने आए रिपोर्ट की माने तो इस क्षेत्र के सात देशों में ड्रोन के जरिए हो रही अवैध गतिविधियों के 86: मामले अकेले ड्रग्स तस्करी से जुड़े हैं। वहीं बात जेलों में सप्लाई की करें तो अपराधी अब जेल की ऊंची दीवारों के अंदर बंद कैदियों तक ड्रग्स, तंबाकू और मोबाइल जैसी प्रतिबंधित चीजें ड्रोन के जरिए पहुंचा रहे हैं। मलेशिया की तापाह जेल और सुंगाई उदांग जेल के अलावा इंडोनेशिया और फिलीपींस की कई जेलों में ऐसे मामले सामने

आए हैं, जहां कैदी सोशल मीडिया से ऑर्डर देकर ड्रोन से डिलीवरी मंगवा रहे थे। अकेले थाईलैंड में अब तक 4583 अवैध ड्रोन जब्त किए जा चुके हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि ड्रोन अब सिर्फ तस्करी तक सीमित नहीं हैं, बल्कि इनसे बड़े आतंकी हमलों की साजिशें भी रची जा रही हैं। बता दें कि इंडोनेशिया में सितंबर 2024 में पोप फ्रांसिस की यात्रा के दौरान उन पर हमले की साजिश रचने वाले सात लोग गिरफ्तार किए गए थे, जिनके पास एक मिनी ड्रोन बरामद हुआ था। इंडोनेशिया से सीरिया में सक्रिय आतंकवादी संगठन श्हयात तहरीर अल–शामश के लड़ाकों तक ड्रोन और उनके पार्ट्स भेजने का एक बड़ा नेटवर्क पकड़ा गया है।

सतीश सैनी को मिल सकता है हरियाणा लोक सेवा आयोग के चेयरमैन का पद

राजेंद्र सिंह जादौन

चंडीगढ़। हरियाणा लोक सेवा आयोग चेयरमैन पद पर आलोक वर्मा का छह साल का कार्यकाल पूरा होते ही इस पद पर वर्ष 2011बैच के एच सी एस अधिकारी सतीश सैनी की नियुक्ति की संभावना दिखाई दे रही है।इस संभावना के पीछे के तर्क मजबूत दिखाई देते है। इनमें पहला तर्क तो यह है कि आलोक वर्मा के पद रिक्त करते ही सतीश सैनी का वीं आर एस मंजूर किया गया है।

दूसरा तर्क यह है कि सतीश सैनी मुख्यमंत्री नायब सैनी के करीबी है और सैनी से पहले के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के ओ एस डी रह चुके है।सतीश सैनी अपने वीं आर एस तक आयोग में ही उप सचिव के पद पर थे।इन तथ्यों के मद्देनजर नए चेयरमैन के लिए सतीश कुमार

सैनी का नाम लगभग तय माना जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक, सरकार ने 2011 बैच के एचसीएस अधिकारी के वीआरएस आवेदन को मंजूरी दे दी है। अब उनकी नियुक्ति के आदेश जारी होने की संभावना है। आयोग के चेयरमैन आलोक वर्मा का कार्यकाल वीरवार को समाप्त हो गया था। सैनी फरवरी 2022 से आयोग में उप सचिव के पद पर तैनात थे। सोनीपत निवासी सतीश कुमार अब तक कई महत्वपूर्ण पदों पर जिम्मेदारी निभा चुके हैं। वह अब तक जीएम रोडवेज, कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज के एडिशनल डायरेक्टर, सीएम ओएसडी के पद पर रह चुके हैं।

सतीश कुमार जनवरी 2020 से फरवरी 2022 तक तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल के ओएसडी भी रह चुके हैं। इसके बाद उन्हें एचपीएससी में नियुक्त किया गया था। हालांकि, नए चेयरमैन के रूप में उनकी नियुक्ति की आधिकारिक पुष्टि आदेश जारी होने के बाद ही होगी।

एमएलसी चुनाव के दौरान भाजपा और सपा कार्यकर्ताओं में नोकझोंक

नोएडा, एजेंसी। नोएडा में एमएलसी चुनाव के दौरान शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और समाजवादी पार्टी (सपा) के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के बीच नोकझोंक का मामला सामने आया है। चुनाव के दौरान बस्ता लगाने को लेकर दोनों पक्षों के कार्यकर्ता आमने–सामने आ गए। देखते ही देखते दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हो गई, जिससे मौके पर कुछ देर के लिए तनावपूर्ण स्थिति बन गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को समझाकर मामले को शांत कराया। यह पूरा मामला नोएडा के थाना फेस–2 क्षेत्र स्थित पंचशील इंटर कॉलेज का बताया जा रहा है।

वीआईपी कल्चर पर एक्शन : हरियाणा में BJP जिलाध्यक्षों की सुरक्षा हटी

लोक हस्तक्षेप संवाददाता

चंडीगढ़। हरियाणा में आम जनता जहां गैंगस्टरों की फायरिंग से दहशत में है, वहीं सत्तारूढ़ भाजपा के जिलाध्यक्षों की निजी सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से हटा दिया गया है। यह फैसला पंचकूला में प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक के दौरान हरियाणा भाजपा प्रभारी स्मृति ईरानी के निर्देश पर लिया गया। दरअसल, गुरुग्राम जिलाध्यक्ष सर्वप्रिय त्यागी की भारी सुरक्षा घेरे वाली तस्वीरें सामने आने पर स्मृति ईरानी ने तीखी आपत्ति जताई। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि जो नेता खुद को जनता का सेवक बताते हैं, उन्हें अपने ही कार्यकर्ताओं के बीच जाने के लिए सुरक्षा की क्या जरूरत है? पार्टी में VIP कल्चर बर्दाश्त नहीं होगा। इस बैठक में संगठन की गुटबाजी और संवादहीनता पर भी नाराजगी जताई गई। स्मृति ईरानी ने चेतावनी दी कि मंडल स्तर के कार्यकर्ताओं की उपेक्षा बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए भाजपा अगले 3 महीने में हर बूथ पर 11 सदस्यीय समिति का गठन करेगी और बड़े नेता अब जिलों में रात्रि प्रवास कर कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद करेंगे। दूसरी ओर, सुरक्षा हटाए जाने पर गुरुग्राम जिलाध्यक्ष त्यागी ने सफाई दी कि उनके साथ सिर्फ दो सुरक्षाकर्मी थे और कार्यालय की सुरक्षा के लिए उन्हें तैनात किया गया था।